विद्यालय पत्रिका
के.वि. मन्दसौर
2020-21
THANK YOU FOR CONTINUALL
INSPIRES ME TO DO BEST.
FOUND GUIDENCE,
FRIENDSHIP,LOVE, DISCIPLIN
PERSON. AND THAT PE
IS YOU.

सरस्वती-वंदना

वंदना, शुभ वंदना, शारदे माँ वन्दना।
शुभ प्रभात की, तुम ही पूजा,
दिव्य ज्योति, दिव्य आराधना,
विद्यादात्री तुम हमारी, ज्ञान दीपक तुम हमारी
वंदना, शुभ वंदना, शारदे माँ वंदना।

चन्द्र किरण-सी, धवल उज्जवल,
हंस-वाहिनी, वीणा वादिनी।
मंगल दीप से करें अर्चना।
वंदना, शुभ वंदना, शारदे माँ वन्दना।
सप्तसुर की तुम हो संगम,
बुद्धिबल, तुम भाग्य विधाता।
वंदना, शुभ वंदना, शारदे माँ वन्दना।

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

हमारे प्रेरणा स्रोत

श्री सोमित श्रीवास्तव,

उपायुक्त , केंद्रीय विद्यालय संगठन, भोपाल संभाग

श्री मनोज पुष्प जिलाधीश , मंदसौर

विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष

केंद्रीय विद्यालय मंदसौर

श्रीमती रानी डांगे

सहायक आयुक्ता , केंद्रीय विद्यालय संगठन, भोपाल संभाग

श्रीमती श्रद्धा झा

सहायक आयुक्ता , केंद्रीय विद्यालय संगठन, भोपाल संभाग

संपादक मंडल

मुख्य संरक्षक

श्री सोमित श्रीवास्तव

उपायुक्त , केन्द्रीय विद्यालय संगठन ,भोपाल संभाग

संरक्षक

श्री प्रिय दर्शन गर्ग

प्राचार्य ,केन्द्रीय विद्यालय मंदसौर

शिक्षक संपादक मण्डल

हिन्दी विभाग

श्री हेमिल्टन मसीह स्नातकोत्तर शिक्षक- हिन्दी

सुश्री सीमा मीणा प्र .स्नातक शिक्षक -हिन्दी

अंग्रेजी विभाग

श्रीमती अंजू सलीम स्नातकोत्तर शिक्षक-अँग्रेजी

श्रीमती लीना रश्मि चौहान प्र .स्नातक शिक्षक - अँग्रेजी

श्री एन के त्रिवेदी प्र .स्नातक शिक्षक - अँग्रेजी

संस्कृत विभाग

श्री मेघराज मीणा प्र .स्नातक शिक्षक - संस्कृत

कला विभाग

श्रीमती प्रतिमा तकियार प्र .स्नातक शिक्षक - कला

प्राथमिक विभाग

श्री ऋत्विक अग्रवाल मुख्याध्यापक

मुख्य पृष्ठ डिज़ाइन तथा पत्रिका के पेज़ों की एडीटिंग, पेज़ बोर्डर डिज़ाइन तथा सौंदर्यीकरण कार्य

श्री मेघराज मीणा प्र .स्नातक शिक्षक - संस्कृत

श्री सोमित श्रीवास्तव , उपायुक्त

SHRI SOMIT SHRIVASTAV

DY. COMMISSIONER

केंद्रीय विद्यालय संगठन ,भोपाल संभाग

KENDRIYA VIDYALAYA SANGTHAN

BHOPAL REGION

मैदा मील के सामने/Opp. Maida Mill -462011

संदेश

यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि केन्द्रीय विद्यालय मंदसौर परिवार के द्वारा विद्यालय पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। निश्चित ही इस पत्रिका से विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को समस्त प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी का लाभ प्राप्त होगा एवं उनमें छिपी प्रतिभा को प्रकट करने का एक नया आयाम मिलेगा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह पत्रिका विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन एवं उनके बहुमुखी विकास में सहायक सिद्ध होगी।इस पत्रिका के प्रकाशन के लिए प्राचार्य, अध्यापकगण, विद्यार्थियों एवं विद्यालय के सभी कर्मचारी प्रशंसा के पात्र है। पत्रिका के प्रकाशन के अनुपम प्रयास के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई।

श्री सोमित श्रीवास्तव
उपायुक्त केन्द्रीय विद्यालय संगठन, भोपाल संभाग

केन्द्रीय विद्यालय
मंदसौर ,ऋषियानंद नगर ,
रेवास देवड़ा रोड़ मंदसौर–
458001

Kendriya Vidyalaya Mandsaur,
Rishiyanand Nagar,
Rewas - Dewara Road
Mandsaur – 458001

संदेश

केन्द्रीय विद्यालय मंदसौर की ई – विद्यालय पत्रिका के प्रकाशन पर मुझे अत्यधिक हर्ष की अनुभूति हो रही है, विद्यालयीन पत्रिकाओं का प्रमुख उद्देश्य विद्यालय की गतिविधियों एवं उसमें अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की लेखन प्रतिभा एवं मनोबल को बढावा देना है। ई विद्यालय पत्रिका के संपादक मण्डल ने अपने दायित्व को बखूबी अंजाम दिया है, कोरोना संक्रमण के संघर्ष के इस दौर में उच्चस्तरीय गुणवत्ता के साथ पत्रिका का नियमित ई-प्रकाशन अत्यंत सराहनीय है।

पत्रिका में प्रकाशित कहानियाँ, रचनाएँ, कविताये और लेख बच्चों की रचनात्मकता प्रतिभा तथा उनकी सृजनशीलता का परिचायक है, यह पत्रिका विद्यालय की विविध गतिविधियों का दर्पण है, तथा इसमें विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों के गतिशील नेतृत्व तथा विद्यालयीन शिक्षण में हुई प्रगति की स्पष्ट झलक दिखती है।

मैं प्राचार्य एवं संपादकीय टीम को उनके मार्गदर्शन एवं कुशल संपादन हेतु बधाई देता हूँ एवं आशा करता हूँ कि वे इस ई- विद्यालय पत्रिका के माध्यम से बच्चों की साहित्यिक रूचि एवं लेखन प्रतिभा को आगे भी इसी तरह मुखरित एवं विकसित करते रहेंगे।

श्री मनोज पुष्प जिलाधीश मंदसौर
विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष
केन्द्रीय विद्यालय मंदसौर

केन्द्रीय विद्यालय
मंदसौर ,ऋषियानंद नगर ,
रेवास देवड़ा रोड़ मंदसौर–458001

Kendriya Vidyalaya Mandsaur,
Rishiyanand Nagar, Rewas -
Dewara Road Mandsaur - 458001

प्राचार्य की कलम से.....

बच्चों का बहुमुखी विकास शिक्षा का उद्देश्य होता है। बच्चों में विषय के ज्ञान के साथ साथ उनमें नैतिकता, अनुशासन और देशप्रेम के गुणों का विकास भी उतना ही आवश्यक है। शिक्षा के व्यापक लक्ष्य हैं, बच्चों के भीतर विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता विकसित करना, दूसरों के कल्याण और उनकी भावनाओं के प्रति संवेदनशीलता पैदा करना और समाज व देश के प्रति जिम्मेदारी को समझना। विचारों की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है, लेखन। रचनाकार अपनी कविता, कहानी, व्यंग्य, लघुकथा, लेख या चित्रों के माध्यम से अपने स्वतंत्र विचारों को खूबी से व्यक्त करता है। विद्यालय पत्रिका का उद्देश्य इन लेखकीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है।

इस पत्रिका में हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत में बच्चों ने अपने विचारों को विभिन्न विधाओं में व्यक्त किया है। ये रचनाएं उनके बालमन की कल्पना की उड़ान भी है और उनकी सृजनात्मकता की पहचान भी है। इनमें आप बच्चों के ज्ञान और विवेक की छबि भी पाएंगे और उनकी मौलिक सोच को भी जान सकेंगे। पत्रिका में बच्चों ने विभिन्न सामाजिक समस्याओं, आर्थिक विषमताओं और एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमारे कर्तव्यों के बारे में भी लिखा है साथ ही हमारे नैतिक मूल्यों और रिश्तों के महत्व को भी अपनी लेखनी में पिरोया है। बच्चों के साथ साथ विद्यालय के शिक्षकों की रचनाओं को भी आप पत्रिका में पाएंगे। बच्चों और शिक्षकों का यह सम्मिलित प्रयास आपको भाएगा, यही उम्मीद है।

प्रियदर्शन गर्ग
प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय मंदसौर

केन्द्रीय विद्यालय मंदसौर

स्टाफ लिस्ट 2020-21

क्रम सं	नाम	पदनाम
1	श्री प्रियदर्शन गर्ग	प्राचार्य
2	श्री ऋत्विक अग्रवाल	मुख्याध्यापक
3	श्रीमती अंजू सलीम	स्नातकोत्तर शिक्षक-अँग्रेजी
4	श्री हेमिल्टन मसीह	स्नातकोत्तर शिक्षक- हिन्दी
5	श्री मनीष जायसवाल	स्नातकोत्तर शिक्षक-कम्प्युटर विज्ञान
6	श्री राजेश कुमार उपाध्याय	स्नातकोत्तर शिक्षक-जीव विज्ञान
7	श्री दिनेश सांचोरा	स्नातकोत्तर शिक्षक-भौतिक विज्ञान
8	श्री भूपेन्द्र पुरोहित	स्नातकोत्तर शिक्षक-वाणिज्य
9	श्रीमती अर्पिता शर्मा	स्नातकोत्तर शिक्षक-रसायन विज्ञान
10	श्रीमती डिंपल ताराम	स्नातकोत्तर शिक्षक-गणित
11	श्री सौरभ कुमार सोनी	स्नातकोत्तर शिक्षक-अर्थशास्त्र
12	श्री एन के त्रिवेदी	प्र .स्नातक शिक्षक – अँग्रेजी
13	श्री अंसार अहमद चौधरी	प्र .स्नातक शिक्षक – सामाजिक अध्ययन
14	श्री आर एस मक्कड़	प्र .स्नातक शिक्षक – गणित
15	श्री दुर्गेश कुमार लोहार	प्र .स्नातक शिक्षक – गणित
16	श्री मेघराज मीणा	प्र .स्नातक शिक्षक – संस्कृत
17	श्रीमती वेणु शर्मा	प्र .स्नातक शिक्षक – विज्ञान
18	श्रीमती लीना रश्मि चौहान	प्र .स्नातक शिक्षक – अँग्रेजी
19	श्री मयूर वच्छानी	प्र .स्नातक शिक्षक – सामाजिक अध्ययन
20	सुश्री सीमा मीणा	प्र .स्नातक शिक्षक –हिन्दी
21	श्री संजय दीक्षित	प्र .स्नातक शिक्षक – शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा
22	श्रीमती प्रतिमा तकियार	प्र .स्नातक शिक्षक – कला
23	श्री बलराम पाटीदार	प्र .स्नातक शिक्षक – कार्यानुभव
24	श्री सोमला भूरिया	प्र .स्नातक शिक्षक – पुस्तकालयाध्यक्ष
25	श्री आलोक पंजाबी	प्राथमिक शिक्षक
26	श्रीमती तमन्ना सेवलदासानी	प्राथमिक शिक्षिका
27	श्री कुलदीप गहलोत	प्राथमिक शिक्षक
28	सुश्री लक्ष्मी	प्राथमिक शिक्षक
29	श्री गौरव कुमार	प्राथमिक शिक्षक
30	श्री नीतेश यादव	प्राथमिक शिक्षक
31	श्री रवि प्रकाश सिंह	प्राथमिक शिक्षक
32	श्री महेश कुमार	प्राथमिक शिक्षक
33	श्री अक्षय लाल	प्राथमिक शिक्षक
34	श्रीमती नीता जोशी	प्राथमिक शिक्षिका
35	श्रीमती संगीता वर्मा	प्राथमिक शिक्षक(संगीत)
36	श्री मधुसूदन शर्मा	वरिष्ठ सचिवालय सहायक
37	श्री आलोक सिंह	कनिष्ठ सचिवालय सहायक
38	श्री सुनील कुमार परमार	सब स्टाफ
39	श्री राजेन्द्र कुमार राठौड़	सब स्टाफ
40	श्री ख़ीमा शंकर चौहान	सब स्टाफ

शिक्षकों की
कलम से

दरख्वास्त

प्यार ही प्यार हो अब हर तरफ, नफरतों का अंत हो,
इंसान अब इंसान का कुछ इस तरह मुरीद हो।

न जीत का अहम भरा, न हार से हताश हो,
बस डटें और न हटें, ये वक्त की ताकीद हो।

हो बीमारी या बुराई, मिल कर करे यूँ सामना,
ज़रा हरेक इस एकता का, गवाह चश्मदीद हो।

मुल्क के अमनो चमन का हर नज़ारा जश्न हो,
खुशियाँ बिखेरे हर त्यौहार, चाहे दीवाली या ईद हो

है धरा ये हम सभी की, इसको सजा सँवार दो,
स्वच्छ और निर्मल जमीं पर, मासूम हर खुशामदीद हो

श्रीमती वेणु शर्मा
प्र.स्नातक शिक्षक – विज्ञान

Venu

राजेश कुमार उपाध्याय स्नाकोत्तर शिक्षक (जीव विज्ञान)
केन्द्रीय विद्यालय मंदसौर (म.प्र.)

एक पत्र शिक्षा आयोग के नाम

महोदय,

पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण कारण और निवारण, जैव विविधता और जैव विविधता संरक्षण, सतत विकास जैसे कई महत्वपूर्ण विषय देश की आजादी के बाद समय समय पर शिक्षा आयोग द्वारा प्रकाशित शिक्षा नीतियों में सम्मिलित किए गए और हमारी पाठ्यपुस्तकों का हिस्सा भी रहे है, विषय अध्यापकों द्वारा पढाये गए और विद्यार्थियों द्वारा पढ़ा भी गया लेकिन उपरोक्त विषयों का अध्ययन और अध्यापन केवल विषयसूची को पूर्ण करने एवं परीक्षा में अंक लाने तक ही सीमित रहा है | हम यह भी देख रहे है कि उपरोक्त समस्याएँ तब से न सिर्फ स्थायी बनी हुई है बल्कि दिन प्रतिदिन बढती ही जा रही है | हमारी शिक्षा पद्धति उपरोक्त संवेदनशील एवं ज्वलंत विषयों पर विद्यार्थियों को संवेंदनशील एवं व्यावहारिक बनाने में नाकाम रही है|

महोदय , उपरोक्त विषय में मेरा सुझाव यह है कि हमें उपरोक्त विषयों का अध्ययन और अध्यापन सिर्फ विद्यालय , विषय-वस्तु ,और विद्यार्थियों के लेखन कौशल तक सीमित ना रखते हुए व्यावहारिक बनाने पर ज्यादा जोर देने की आवश्यकता है| जैसे विद्यार्थी को कक्षा में उत्तीर्ण तभी माना जाये जब वे सत्रांत तक निम्न तालिका के अनुसार अपने विद्यालय परिसर या अपने घर के आस पास या किसी अन्य स्थान पर पौधरौपण कर उन पौधों को पोषित और संरक्षित करने की जानकारी अपने विद्यालय में प्रस्तुत करें :-

कक्षा	विद्यार्थी द्वारा पौधरौपण कर उन्हें पोषित व संरक्षित करने का लक्ष्य (पौधों की संख्या)	विद्यार्थी द्वारा पौधरौपण कर उन्हें पोषित व संरक्षित करने का कुल लक्ष्य (पौधों की कुल संख्या)
1	1	1
2	2	03 (01 पौधा जो कक्षा 01 में लगाया था + 02 पौधे वर्तमान कक्षा 02 में लगाना है)
3	3	6 (03+03)
4	4	10 (06+04)
5	5	15 (10+05)
6	6	21 (15+06)
7	7	28 (21+07)
8	8	36 (28+08)
9	9	45 (36+09)
10	10	55 (45+10)
11	11	66 (55+11)
12	12	78 (66+12)

नोट :- 1. विद्यार्थी द्वारा उपरोक्त वृक्षारोपण से सम्बंधित प्रस्तुत की गई जानकारी की सत्यता की जाँच करने के लिए विद्यालय द्वारा एक ऑडिट टीम का गठन किया जावें जो समय समय पर विद्यार्थी द्वारा किये गये प्लांटेशन रिकॉर्ड की वास्तविकता की जाँच करें और सम्बंधित विद्यार्थी के पोर्ट फोलियो में अंकित करें |

2. विद्यार्थी उपरोक्त कार्य को पूर्ण करने में अपने पालक,सामाजिक संगठन,सरकार या किसी एन.जी.ओ आदि की सहायता ले सकता है |

3. उपरोक्त विषय को पर्यावरण मित्र 78 (Eco Friendly 78) नाम दिया जा सकता है जो कि पूर्ण रूप से एक प्रायोगिक विषय होगा |

4. उपरोक्त विषय में विद्यार्थी द्वारा किये गये प्रदर्शन को प्रत्येक वर्ष वार्षिक परीक्षा परिणाम में प्रदर्शित किया जायें साथ ही पूरे बारह वर्षों के प्रदर्शन के आधार पर अंक/ग्रेड दी जा सकती है जो कक्षा बारहवी की अंक सूची में प्रदर्शित भी हों |

5 . विद्यार्थी द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में अन्य कोई भी कार्य या योगदान दिया जाता है तो उसे पुरस्कृत किया जाना चाहिए एवं कक्षा बारहवीं की अंक सूची पर उस कार्य का वर्णन भी होना चाहिए|

6. बिंदु 4 और 5 में विद्यार्थी द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में किये गये उत्तम प्रदर्शन के आधार पर उन्हें शासकीय एवम् अशासकीय नौकरियों में भी वरीयता दी जानी चाहिए|

7.उपरोक्त योजना ZERO INVESTMENT BASED है, क्योंकि विद्यार्थी प्लांटेशन के लिए पौधा सरकारी नर्सरी से मुफ्त में ले सकता है साथ ही ऑडिट टीम का गठन विद्यालय के अध्यापकों के द्वारा किया जा सकता है जिन्हें कोई अलग से पेमेंट करने की आवश्यकता नहीं है |

महत्व:-

1. उपरोक्त बारह वर्षीय शिक्षा योजना के अंतर्गत जब विद्यार्थी कक्षा बारहवी उत्तीर्ण करेगा तब तक वह कुल 78 पौधों को न सिर्फ प्रकृति को समर्पित कर देगा बल्कि उसके द्वारा पिछले बारह वर्षों में रोपित कई पौधे हरे-भरे वृक्षों का आकर ले चुकें होंगें जो जैव मंडल में रहने वाले जीवों को अपने फलों से पोषित कर रहे होंगे उन्हें ठंडी छांव दे रहे होंगे इसके अलावा कई टन प्राणवायु ऑक्सीजन का उत्सर्जन कर चुके होंगे |

2. विद्यार्थी अपने इस बारह वर्षीय व्यावहारिक कार्य के दौरान अपने अनुभवों से प्रकृति को और करीब से समझ पायेगा साथ ही पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास में अपनी भूमिका को महसूस करेगा |

3. वर्तमान समय में यदि किसी विद्यार्थी के सामने विकास के नाम पर या अन्य किसी कारण से किसी वृक्ष को काटा जा रहा है या पर्यावरण के साथ किसी प्रकार की छेड़-छाड़ की जा रही है,तो वह अपनी संवेदनाएं ठीक से अभिव्यक्त नहीं कर पता है क्योंकि उसके पास उपरोक्त विषय-वस्तु का केवल सैद्धांतिक ज्ञान है ,लेकिन शिक्षा में उपरोक्त बदलाव के बाद वह अपने अनुभवों से सीखेगा कि किसी पेड़ को बड़ा करने में कितना समय और कितनी मेहनत लगती है? तब हमारा वह विद्यार्थी निर्भीक रूप से पर्यावरण की रक्षा के लिए आगे आएगा |

4. वर्तमान समय की प्रमुख समस्याऔं में जलवायु प्रदूषण, ग्लोबल वॉर्मिंग, भूगर्भीय जल में लगातार कमी (decreasing ground water level) इत्यादि है जो ना सिर्फ हमारे देश की बल्कि संपूर्ण विश्व की समस्याऐ है जिनका हल केवल और केवल वृक्षारोपण(Re for-estation) से ही संभव है अत: पर्यावरण मित्र 78 (Eco Friendly 78) को पाठ्यक्रम का एक अभिन्न अंग बना दिया जाए न कि पर्यावरण प्रेम का दिखावा मात्र कुछ अवसरों जैसे विश्व पर्यावरण दिवस ,पृथ्वी दिवस पर झंडे, बैनर और होर्डिंग्स लगाकर किया जावें |

5. इन समस्याऔं को हमारी सरकारें हल कर सकें या न कर सकें पर हमारे उर्जावान नन्हें छात्र अवश्य हल कर सकते है, बस एक शुरुआत की आवश्यकता है|

महोदय , आज के समय में कक्षा बारहवी तक अध्यनरत अधिकांश छात्रों का व्याहारिक ज्ञान इतना भी नहीं है कि वे गेहूँ, ज्वार, मक्का और बाजरा आदि के दानों में फर्क कर सकें | इसके अलावा उनके ही विद्यालय के बागान में लगे अधिकांश पेड़ पौधों का नाम तक वे नहीं जानते है| मेरा यह मानना है कि शिक्षा को सिर्फ नौकरी पाने का माध्यम ही न समझा जायें बल्कि शिक्षा वो है जो हमारी कथनी और करनी के अंतर को समाप्त कर सके और हमें स्वावलंबी बना सके|

हम प्रति वर्ष लाखों चिकित्सक, इंजिनीयर्स,सी.ए. इत्यादि इत्यादि पैदा करते है, लेकिन क्या

फायदा जब चिकित्सक स्वयं को अपनी पीठ के पीछे ऑक्सीजन का सिलेंडर बांधकर, मुँह पर मास्क लगाकर कृत्रिम साँस लेते हुए मरीजों का इलाज़ करना पड़ेगा, उद्योगों के बंद होने के कारण इंजिनीयर्स के पास कोई रोजगार नहीं होगा तब सी.ए. कौनसी कंपनी का ऑडिट करेगा? अत: शुद्ध पर्यावरण नहीं तो कुछ भी नहीं |

अंत में केवल इतना कहना चाहता हूँ कि जिस प्रकार हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी के आग्रह पर सम्पूर्ण भारत एक साथ प्रधान मंत्री स्वच्छता अभियान में जुट गया और मात्र पाँच वर्षों में ही भारत की तस्वीर बदल डाली, ठीक उसी प्रकार हमारा Eco friendly-78 विषय भी देश के हर विद्यार्थी, हर परिवार तक पहुंचेगा और देश के प्रत्येक नागरिक को एक पर्यावरण मित्र बना देगा जिसकी कार्य-शैली से कभी भी अपने मित्र(पर्यावरण) का अहित नहीं होगा | इस तरह प्रदूषण मुक्त जल , थल और वायु का हमारा सपना साकार होगा|

आपका बहुत बहुत धन्यवाद |

भवदीय

राजेश कुमार उपाध्याय

स्नाकोत्तर शिक्षक (जीव विज्ञान)

केन्द्रीय विद्यालय मंदसौर (म.प्र.)

देश का भविष्य नशे की गिरफ्त में

हम सब यह मानते है कि हमारे युवा हमारे देश का भविष्य है जो आने वाले समय में देश के कर्णधार बनेगें और देश को नई ऊँचाईयों पर ले जायेगें लेकिन पिछले दिनों एक समाचार पत्र में छपी खबर के अनुसार देश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा हमारे देश में नशीले प्रदार्थों के सेवन से सम्बंधित आंकड़े जारी किये गये है, जो यह दर्शाते है कि देश में नशीले प्रदार्थों के सेवन में युवा पीढ़ी का प्रतिशत करीब 80% है , जो नशा करने वाले अन्य आयु वर्गों के लोगों से काफी अधिक है| आंकड़ों से स्पष्ट है कि देश का भविष्य नशे की गिरफ्त में फंस रहा है, हमारे युवाओं में नशे की बढ़ती लत देश में आने वाले गंभीर संकट का संकेत दे रही है |

युवाओ के दिलों-दिमाग में भविष्य में बड़ा बनने और कुछ बड़ा करने का नशा होना चाहिए ना कि वें नशे की लत में फंस कर अपने आने वाले भविष्य को ही चौपट कर दें| बड़े सयाने कह कर गये हैं कि नशा नाश ही करता है|

राजेश कुमार उपाध्याय (पी.जी.टी)
केन्द्रीय विद्यालय मंदसौर

पढाई करते समय ध्यान देने योग्य बातें :

१ - पढाई हमेशा कुर्सी-टेबल पर बैठ कर ही करें , बिस्तर पर लेट कर बिलकुल भी न पढ़े । लेटकर पढने से पढ़ा हुआ दिमाग में बिलकुल नही जाता , बल्कि नींद आने लगती है ।

२ - पढ़ते समय टेलीविजन न चलाये और रेडियो या गाने भी बंद रखे ।

३ - पढाई के समय मोबाइल स्विच ऑफ़ करदे या साईलेंट मोड में रखे ,

४ - पढ़े हुए पाठ्य को लिखते भी जाये इससे आपकी एकाग्रता भी बनी रहेगी और भविष्य के लिए नोट्स भी बन जायेंगे ।

५- कोई भी पाठ्य कम से तीन बार जरुर पढ़े ।

६ - रटने की प्रवृत्ति से बचे , जो भी पढ़े उस पर विचार मंथन जरुर करें ।

७ - शार्ट नोट्स जरुर बनाये तांकि वे परीक्षा के समय काम आये ।

८- पढ़े हुए पाठ्य पर विचार -विमर्श अपने मित्रों से जरुर करें , ग्रुप डिस्कशन पढाई में लाभदायक होता है।

९ - पुराने प्रश्न पत्रों के आधार पर महत्वपूर्ण टॉपिक को छांट ले और उन्हें अच्छे से तैयार करें ।

१० - संतुलित भोजन करें क्योंकि ज्यादा भोजन से नींद और आलस्य आता है , जबकि कम भोजन से पढ़ने में मन नही लगता है ,और थकावट, सिरदर्द आदि समस्याएं होती है ।

११- चित्रों , मानचित्रो , ग्राफ , रेखाचित्रो आदि की मदद से पढ़े । ये अधिक समय तक याद रहते है ।

१२- पढाई में कंप्यूटर या इन्टरनेट की मदद ले सकते है!

१३ - जो विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में भाग ले रहे है वे कम से कम पिछले पांच वर्षों के सम्बंधित बोर्ड के प्रश्नपत्रों को हल करलें जिससे उन्हें प्रश्नपत्र के प्रारूप का तो पता चेलेगा ही, साथ ही परीक्षा में समय प्रबंधन का भी ज्ञान होगा |

१४- सी.बी.एस.ई .बोर्ड द्वारा इस वर्ष 2020-21 की लिए कक्षा दसवी और बारहवी के पाठ्यक्रम से कुछ अध्याय हटा दिये गये है अतः विद्यार्थी उन अध्यायों को रेखांकित कर लें जिनसे इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में कोई भी प्रश्न नहीं पूछा जायेगा |

१५- सी.बी.एस.ई .बोर्ड द्वारा इस वर्ष कक्षा दसवी और बारहवी के पाठ्यक्रम के विभिन्न विषयों की ब्लू प्रिंट प्रकाशित करदी गई है, जिसमे विषय में सम्मिलित प्रत्येक अध्याय को आवंटित अंकों के साथ साथ सम्बंधित अध्याय से पूछे जाने वाले प्रश्नों के प्रकारों और उनकी संख्या का वर्णन दिया गया है, अतः विद्यार्थी को ब्लू प्रिंट का अवलोकन भी अनिवार्यतः करना चाहिए |

राजेश कुमार उपाध्याय

स्नाकोत्तर शिक्षक (जीव विज्ञान)

केन्द्रीय विद्यालय मंदसौर (म.प्र.)

संवेदनशील हृदय

मैं संवेदनशील हृदय से,
चित्र उकेरा करता हूँ ।
पर बदरंग न हो जाएँ बस
इसी बात से डरता हूँ ।।

मनोविकारों के सागर में,
कलम छटपटाया करती।
'कैसै चित्र बनें अविकारी',
यही सोच आहें भरती।।

चाहता हूँ कि झाड़-पोछकर,
धोकर शब्द रखूँ आगे ।
जिनसे रसमय काव्य-सृजन हो,
सुप्त करुण-सागर जागे।।

ऐसा सृजन-कर्म हो जो कि,
तन-मन-जन के ताप हरें।
काव्य-कला मानव-जीवन में,
जन-कल्याणी रंग भरें।।

मधु-संचय कर कलम काव्य को,
रस से आप्लावित कर दे।
निखर उठे संवेदन सारे,
हरस बरस मधु-घट भर दे।।

यदि भावों के रूप निखरकर,
चित्ताकर्षक हो जाएँ।
तो साकार हुए संवेदन,
मानवीय ध्वज लहराएँ।।

Sanjay Dixit TGT PHE

सीमा मीणा प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका हिंदी

हिन्दी साहित्य में पर्यावरण चिन्तन

प्रकृति जीव को जन्म देती है, उसका पोषण करती है। एक जीवन, जीवन के दूसरे रूपों के सहयोग पर ही आधारित हैं ।'परस्परोपग्रहो जीवानाम्' अर्थात् जीवन एक- दूसरे के सहयोग पर आधारित है। सकल प्राणी- जगत् पारस्परिक सहयोग पर आश्रित हैं। प्रकृति ने मानव को अनूठी प्रतिभा,क्षमता, सर्जनशीलता,तर्कशक्ति प्रदान कर चिंतनशील प्रज्ञाशक्ति और विवेकशील बनाने में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया है ।सामान्यतः मनुष्य का चिंतन जैसा होता है वैसा ही वह कार्य करता है ।एक ही प्रकार के कार्य को भिन्न-भिन्न वृत्ति वाले लोग अलग-अलग ढंग से संपन्न करते हैं।

हिंदी कवियों ने पारिस्थितिक चिंता कई रूपों में प्रकट की है ।विकास के नाम पर सर्वत्र काटे जा रहे पेड़- पौधों की पीड़ा है तो कहीं कहीं खो जाने वाली संस्कृति की पीड़ा हैं । कहीं-कहीं मल्टीनेशनल कंपनियों से उत्पन्न पर्यावरण प्रदूषण है और कहीं वंशवाद के कगार तक पहुंचे हुए जानवरों और पक्षियों के आर्तनाद है सहज संतुलित वातावरण सर्वत्र नष्ट हो गया है। भूमि के जीव-जंतुओं पर जब-जब आक्रमण या आतंक होता रहा है तब- तब तक उसका प्रतिरोध भी आदिकाल से लेकर होता आ रहा है ।मनुष्य और प्रकृति के बीच ही आत्मीयता है ।यह पारस्परिकता भारतीय आध्यात्मिक जीवन की मुख्य कड़ी हैं ।भारतीय साहित्य का मेरुदंड इन दोनों के बीच की पारस्परिकता यानी की आत्मीयता है। इसलिए भारतीय परंपरा को आत्मसात् करने वाले रचनाकार साहित्य के मूल में प्रकृति और मनुष्य के बीच के सहसंबंध को सुरक्षित रखते हैं ।

साहित्यकार सहज ही सूक्ष्म दृष्टा होते हैं वे इन प्रतिकूलताओं को जल्दी ही भाँप लेते हैं और अपनी सृजनात्मकता के जरिए उसका प्रतिरोध जाहिर करते हैं कविवर रहीम ने भी पानी के माध्यम से जीवन के तत्वों का ज्ञान कराया है:-

"रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून।
पानी गए न ऊबरे, मोती मानस चून।।"

वर्तमान संदर्भ में भी यह उक्ति चरितार्थ और उपयुक्त है क्योंकि मनुष्य स्वार्थ के कारण प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करता जा रहा है आज आत्यान्तिक स्वार्थ ने मनुष्य के चारों ओर ऐसे निष्करुण और निर्लज्ज संसार की सृष्टि कर दी है जिसने प्रकृति के भौतिक अस्तित्व को विनाश के कगार पर पहुंचा दिया है।

प्रकृति आदिम युग से हमारे जीवन का आधार रही है और आज भी हर पल हमारे साथ रहती है,हमारे राग -विराग, सुख-दुख,विचार - दर्शन और पोषण - सर्जन में गुथी हुई है,उसे आधुनिक जीवन लगातार हमसे छीन रहा है। हम ऋतुएँ और ऋतूत्सव भूलते जा रहे हैं और इसी क्रम से सरलता,निश्छलता, मर्यादा,उल्लास- आनंद यानी अपना व्यक्तिगत सुख और सामूहिक जीवन के रंगारंग पर्व, उत्सव और सरोकार रचनाओं से तेजी से झिरते जा रहे हैं। उनकी जगह भर रहा है एक कृत्रिम -संसार जहां हम एक दूसरे का विश्वास,आत्मीयता और अंतरंगता खोते चले जा रहे हैं और बदले में पा रहे हैं- पारस्परिक आशंका संदेह और अविश्वास।

साहित्य में पानी का कितना अर्थ विस्तार एवं अर्थ गांभीर्य है। उदाहरण के लिए जब कबीर को जीवन की क्षणभंगुरता बतानी होती है तो वे कहते हैं 'पानी केरा बुदबुदा अस मानुस की जात।' तथा तुलसी को खल के इठलाने पर व्यंग करना होता है तो कहते हैं -' "छुद्र नदी भरि चली उतराई, जस थोरेहु धन खल इतराई। 'पानी अक्सर स्वभाव की निर्मलता और पारदर्शिता के उपमान के रूप में इस्तेमाल होता हैं।

विकास को लक्ष्य करके निर्मित परियोजनाएँ पर्यावरण नाश की वजह बनने के साथ कई लोगों को बेघर और बेरोजगार बना देती हैं। बाँध बनाने में कृषि भूमि और वनों का बहुतायत विनाश होता है इसके अतिरिक्त भूमि कटाव, बाँढ़ भूकंप आदि की संभावनाएँ बढ़ती जाती हैं ।

त्रिलोचन ने कहा है:-

नदी ने कहा था: मुझे बाँधों

मनुष्य ने सुना और

आखिर उसे बाँध लिया

बाँधकर नदी को

मनुष्य दुह रहा है।

अब वह कामधेनु है।

समकालीन यथार्थ की ओर हिंदी के अनेक कवियों ने हमारा ध्यान आकृष्ट किया है इसी तरह से हिरोशिमा और नागासाकी में हुए बम विस्फोट की याद दिलाते हुए अज्ञेयजी स्वच्छ शहर प्रकृति की कामना को कुछ इस तरह से प्रकट करते हैं-

मुझे चाहिए हरी भरी दुनिया

घने पेड़ों के चलते अँधेरा हुआ रास्ता

बच्चों की दौड़ से हिलता हुआ घर

और अपनी माँ के थनों को हुमकता

गाज भरे मुँहवाला

उजला बछड़ा ।

आज भूमंडलीकरण की प्रक्रिया से विस्थापन तेज रफ्तार से हो रहा है ।इस विस्थापन में सरकारी अफसरों के साथ मुख्यधारा के समाज द्वारा आदिवासी समाज के संसाधनों पर कब्जा करके उन्हें बेदखल किया जा रहा है ।भूमंडलीकृत इस दुनिया की गिरफ्त में पड़कर दम घुटानेवाले विस्थापित आदिवासियों को बचाने का मार्ग सोच रहे हरिराम मीणा ने लिखा है :-

"विरान, घोटुल, उजड़े हाट, उमंगहीन पर्व

थके माँदल और सिसकती बाँसुरी को थामे

पथरायी आँखों के सहारे

अपने हरे-भरे आँगन में जीवन-अवलंब ढूंढ़ता कोई

कैसे बचे वैश्विक वात्याचक्र से

दिक्कू और देसी दलालों के षडयंत्र से?"

भूमंडलीकरण के साथ संचार माध्यमों का तेजी से विकास हुआ दुनिया गाँव में सिमट गयी साथ ही मानव और मानव के बीच दूरी बढ़ गयी जिस तरह से नदियों की आद्रता विकास के जरिए नष्ट हो गई हैं वैसे ही मनुष्य मानव मूल्यों की आद्रता से वंचित हो गया है।

साहित्यिक क्षेत्र में पर्यावरण विषयों को बहुत समय से स्थान मिलता आ रहा है ।प्रेमचंद जी ने अपने उपन्यास 'रंगभूमि' में वर्षों पहले पारिस्थितिकी का खुला चित्रण किया था।' रंगभूमि' का सूरदास पूर्णत:मनुष्य और प्रकृति के चिर सहचर हैं ।उसका खान -पान भी प्रकृति का है - यहाँ तक कि यह 'षड रस' युक्त अवलेह तैयार हुआ। इस प्राकृतिक सहजता को औद्योगीकरण के द्वारा उससे उत्पन्न मशीनों के द्वारा तहस-नहस कर दिया गया । प्रकृति के साथ पूरा गाँव ही नष्ट हो गया।विकास के नाम पर वायु और पानी का प्रदूषण आज स्वाभाविक प्रक्रिया बन गया है ।संजीव के उपन्यास 'धार' और 'सावधान नीचे आग है' इसके ज्वलन्त उदाहरण हैं ।नासिरा शर्मा का 'कुइयाँजान' उपन्यास भी नदी और पानी की समस्या पर केंद्रित हैं ।इसी प्रकार मृदुला गर्ग का उपन्यास 'कठगुलाब' परोक्ष रूप से भूमि की बंजरता का प्रतीक है। इस उपन्यास में नारी की बंजरता की वजह बहुत विस्तार से वर्णित है और इसमें प्रतिरोध का मार्ग भी हैं ।नारी का मार्ग जब खुलता है तब यह प्रकृति में आश्रय पाती है स्त्री पुरुष मिलकर शोषण मुक्त मानसिकता से यदि काम करें तो प्रत्येक बंजर भूमि भी उपजाऊ बन जाती है ।

पर्यावरण और संस्कृति के इस प्रदूषण की झलक काशीनाथ जी के चर्चित उपन्यास 'काशी का अस्सी' में देखने को मिलती है। पर्यावरण और मानव संबंध को लेकर निर्मल वर्मा की भी एक कहानी है 'दूसरी दुनिया' यह ग्रेता की दूसरी दुनिया है पेड़ों की दुनिया। पर्यावरण की चिंता उदय प्रकाश की कहानियों में भी है उनकी 'टटकी कहानी ', 'आवरण' में इस चिंता को देखा जा सकता है ।प्रदूषण धरती को हुए कैंसर की तरह है राजू शर्मा के उपन्यास 'हलफनामे' में भी पर्यावरण की समस्या की झाँकी मौजूद है । पंडित हजारी प्रसाद द्विवेदी को भी पेड़ पौधों की प्रकृति और प्रकृति की जानकारी के साथ से गहरा लगाव रहा है ।उनके कई निबंधों के शीर्षक किसी पेड़,फूल,फल के नाम पर हैं । 'अशोक के फूल' 'शिरीष के फूल 'कुटज' 'देवदारू', 'आम फिर बौरा गए!' 'वसंत आ गया' आदि । निर्मल वर्मा जी की कहानियों और उपन्यासों का वातावरण भी पूरी तरह प्रकृति से घिरा रहता है।

समकालीन जीवन प्रकृति से दूर- दूर चला जा रहा है लेकिन इसे बदलाव से आने वाली पीढ़ी को महान विपत्ति का सामना करना पड़ेगा। आज की विकास योजना की अदूरदर्शिता एवं भूमंडलीकृत दुनिया की यंत्र संस्कृति का जो बोलाबाला हो रहा है ।इन सबके प्रतिरोध की सख्त जरूरत है। इसीलिए आज के कवि कल के इस यथार्थ को चित्रनुमा पेश करते हुए उसका प्रतिरोध भी कर रहे हैं।

श्री हेमिल्टन मसीह स्नातकोत्तर शिक्षक- हिन्दी

* निराला के साहित्य में विद्रोह स्वर *

" तोड़ो, तोड़ो, तोड़ो कारा
पत्थर से निकालो फिर,
गंगा -जल धारा "

प्रसाद और निराला जी छायावादी आधार स्तंभ होने के साथ -साथ प्रतिस्पर्धी साहित्यकार है । दोनों में लगभग वैसा ही नाता है जैसे इतिहास में परम्परा और विद्रोह के बीच होता है ।1936 के पत्र में निराला प्रसाद को उपनिषदों से नीचे उतारना चाहते हैं । यहाँ उपनिषदों से तात्पर्य काव्य और दर्शन की उस परंपरा से है, जिसके प्रति सीधा विद्रोह निराला में झलकता है. वे हिंदी काव्य की एक हजार वर्ष लम्बी परम्परा से हटकर मुक्तछंद लिखते हैं । ब्राह्मण की बनाई शुद्ध घी की कचौड़ी को छोड़, वे तेल की गरम पकौड़ी में रस लेते हैं और अभिजात कुल की रूपसी बजाय उनका ध्यान काली कहारिन पर केंद्रित होते हैं. यह विद्रोह प्रसाद से निराला का अलग स्वभाव है -व्यक्तित्व और कृतित्व दोनों स्तरों पर । इसीलिए डॉ. प्रेमशंकर का निचोड़ है कि "निराला आरम्भ से ही क्रांतिकारी रहे हैं और उनकी विद्रोही भावना उनके काव्य में स्पष्ट,
झलकती है ।

निराला के काव्य -व्यक्तित्व को रेखांकित करते हुए डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी कहते हैं कि "यह विलक्षण बात है कि उसमें क्लासिकी रोमांटिक तथा आधुनिक तत्व घुले -मिले हैं।" भूत, वर्तमान और भविष्य तीनों की जीवंत उपस्थिति एक कवि में विलक्षण संयोग है । यह संयोग निराला के क्रांतिकारी स्वछंदतावाद के कारण संभव हुआ है । उनकी क्रांति की यह आकांक्षा और विद्रोह की भावना 1923 में प्रकाशित 'शिव
तांडव 'कविता में दिखाई दिया ।

आलोचकों ने एक स्वर से स्वीकारा है कि छंद के सन्दर्भ में निराला का विद्रोह अधिक स्पष्ट एवं मुखर है । एक और उनकी चिंता थी कि उनके गीत सामान्य जन और कलावंतों के होठों पर वैसे ही बस जाये वैसे ही बस जाय जैसे अब तक ब्रज भाषा में रचित ख्याल के बोल और पदों की स्थिति रही है ।

दूसरी ओर पारम्परिक छंद को तोड़कर उसे नये ढंग से बनाने में उनका विशेष ध्यान रहा है. तीसरी ओर छंद विधान के आंतरिक स्वरूप को नए -नए ढंग से व्यवस्थित करने की तीव्र उत्सुकता थी ।सबसे महत्व की बात है कि मुक्त छंद को उन्होंने जातीय मुक्ति के व्यापक सन्दर्भ से जोड़ा ।उन्होंने लिखा है कि "मनुष्यों की मुक्ति की तरह कविता की भी मुक्ति छंदों के शासन से अलग हो जाना है ।उनके अनुसार मुक्त छंद से स्वाधीन चेतना फैलती है।" ध्यान रहे कि यह' मुक्त छंद 'है न कि छंद मुक्त '।निराला की कविता का अपना एक आतंरिक छंद है और आतंरिक लय है ।छंदों की रीतिबध्दता को तोडना एक क्रांतिकारी कदम है इस प्रकार मुक्त छंद समूचे स्वछंदतावाद की आत्मा है ।

मुक्त छंद केवल काव्य के बाह्य स्वरूप का परिवर्तन ही नहीं अपितु एक क्रांतिकारी सामाजिक बदलाव का भी सूचक है ।निराला की कल्पना -शक्ति, प्रखर भावावेग, निर्बंध यौवन, प्राणवत्ता छंदो के बंधन में समाहित नहीं हो सकती थी।निराला के कवि व्यक्तित्व के विकास में मुक्तछंदो का अहम् भूमिका रही है।इसका कारण स्पष्ट है कि वे अपने काव्य जीवन का आरंभ 'जूही की कली 'से मानते है ।यह समूचे हिंदी काव्य जगत में मुक्त छंद की प्रथम रचना है ।

निराला की सबसे बड़ी विशेषता है कि न केवल उन्होंने परंपरा से विद्रोह किया वरन स्वयं अपनी उपलब्धियों से भी विद्रोह किया, जिनको कालांतर में परंपरा बनना था ।उनके काव्य -विकास के तीन चरण -तत्सम, तद्भव, देशज बहुत कुछ इसी मनोवृत्ति को प्रतिफलित करते हैं ।इस मनोवृत्ति के लिए उनका काव्य -वैविध्य भी जिम्मेदार माना जाता है.

निराला को अपने समकालीनों द्वारा मुक्त छंद को लेकर काफ़ी खरी खोटी सुननी पड़ी थी.'रबर छंद ' केंचुआ छंद आदि विशेषणों से इसको नवाजा गया. आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने शालीन भाषा में इसे ' बेमेल चरणों चरणों की विलक्षण आजमाइश ' कहा. निराला ने मुक्त छंद अपनी सुविधा के लिए नहीं अन्वेषित किया था वरन अपने काव्य प्रवाह में गति लाने के लिए किया था. निराला सूरदास के बाद हिन्दी के प्रथम छंद प्रयोक्ता हैं. 'तुलसीदास'में निराला ने 6 पंक्तियों का छंद चुना है.

दरअसल, निराला का सम्पूर्ण काव्य -व्यक्तित्व 'विरोधों का सामंजस्य' की उस अवधारणा से विकसित हुआ जिसे शुक्लजी ने आनंद का साधनावस्था की उच्चतम रचनाभूमि का कारक तत्व स्वीकार किया है.

निराला ने मुक्त छंद का प्रवर्तन किया है तो 'तुलसीदास'me सबसे कठिन छंद और तुक विधान का प्रयोग किया है.'राम की शक्ति पूजा'में तत्सम शब्दों का आग्रह है तो 'कुकुरमुत्ता 'में ठेठ देसी भंगिमा है. श्रृंगार गीतों में प्रणय की उद्दाम स्थितियों का उन्मुक्त अंकन है. उन्होंने ऐसे दृश्यों की सृष्टि की जैसी प्रसाद ने 'आंसू'और 'लहर'के गीतों में भी नहीं की है.

निराला के काव्य में सामाजिक सरोकार एक विद्रोही कवि के रूप में देखने को मिलता है जिसका स्वर प्रतिवादात्मक है. छायावादी काव्य में निराला ही एकमात्र ऐसे कवि हैं जिन्होंने साधारण मनुष्य को करीब से देखा और अपनी रचनाओं द्वारा तत्कालीन विदेशी सत्ता के खिलाफ विद्रोह करने को भी प्रोत्साहित किया गया. निराला का विद्रोही व्यक्तित्व सृजनात्मक था. अपने समय की सामाजिक, धार्मिक,राजनीतिक, आर्थिक और साहित्यिक सभी क्षेत्रों की गलित मान्यतायों, रूढ़ीगत संस्कारों एवं मूल धाराणायों के प्रति उन्होंने विद्रोह किया. नियम तोडना निराला ने आज की पीढ़ी को सिखाया. नियम भंग तो निराला के जीवन व व्यक्तित्व के साथ एक रूप हो गया था. उनके नियम भंग के साथ विद्रोह जुडा हुआ था. इसी विद्रोह को उनके काव्य में स्थान मिलता गया. अनेक आलोचकों और विद्वानों ने निराला के काव्य की विभिन्न रूपों में समीक्षा की है समाज की यथास्थिति के प्रति उनका स्वर सदैव विद्रोही रहा है.वे मूलत्ता क्रांतिकारी कवि रहे हैं केवल कथनी में ही नहीं,करनी में भी. सरोज स्मृति कविता इसका सबसे बड़ा उदाहरण है उन्होंने आजीवन रूढ़ियों परंपराओं कुंठित मर्यादाओं का विरोध किया. काव्य के क्षेत्र में भी और अपने व्यक्तिगत जीवन में भी उन्होंने लिखा है:

" दुख ही जीवन की कथा रही,
क्या कहूं जो आज तक नहीं कहीं".

संपूर्ण आधुनिक कविता पर निराला की विद्रोही चेतना का प्रभाव बार-बार परिलक्षित होता है. उनका विद्रोही व्यक्तित्व दुराग्रह से मुक्त है उन्होंने निरर्थक किंतु प्राचीन मान्यताओं का डटकर विरोध किया है तथा उन परंपराओं एवं व्यवस्थाओं को उचित महत्व दिया है,जो हमारी नवीन मान्यताओं एवं विचारों के लिए ट्रेड आधार का काम कर सकता है निराला ने न केवल द्विवेदी युगीन कविता पर प्रहार किया वरन छायावादी कविता पर भी जहां जड़ता परिलक्षित कोई करारा आघात किया. जब भी कोई काव्य प्रगति रोड़ी ग्रस्त होकर निर्जीव होने लगी निराला ने उस में प्राण का संचार किया. निराला का विद्रोह प्रगति मुल्क है.उन्होंने जीवन के हर क्षेत्र में उन तत्वों का डटकर विरोध किया जो हमारी प्रगति के लिए अभिशाप है. निराला जी हर नई चीज के समर्थक थे और ना ही पुरानी चीज के विरोधी हमारे भावी साहित्य में प्रगति और परंपरा को ऐसे ही कड़ी जोड़नी चाहिए.वस्तुतः निराला का प्रगतिवाद उस तरह का शास्त्रीय प्रगतिवाद नहीं है जैसा कि साम्यवादी राजनीतिक विचारधारा के नियमों और आदर्शों के अंतर्गत किया जाता है.उसमें प्रगतिवाद होकर प्रगतिशीलता है, समाजवाद है,मानवतावाद है.

सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

श्री हेमिल्टन मसीह
स्नातकोत्तर शिक्षक- हिन्दी

पिता (कविता)

पिता होते हैं सारथी
उनके कुशल हाथों में
वल्गा थमाकर
निश्चिंत होता है परिवार
उनके कहे शब्द सुलझाते हैं
जीवन की अनसुलझी गुत्थियां ।
घर की सीमा पर
पिता होते हैं प्रहरी
हिमालय की तरह,
झेलते हैं अपने सीने पर
सारे झंझावात
बाहर के तूफान
और भीतर की जरूरतें ।
पिता रहते हैं आँगन में
किसी कल्पवृक्ष की तरह
जिस पर नित्य
लगते हैं फल
गुड्डे गुड़ियों,

चॉकलेट और आइसक्रीम के

आँगन में खड़ा यह कल्पवृक्ष
खुशी से तब तब झूमता है
जब आ जाते हैं
बच्चों के अच्छे अंक
और ले आते हैं वो
खेलकूद में कोई ट्रॉफी
जब बेटे की पहली
तनख्वाह घर आती है
और बिटिया ब्याह के बाद
आंखों में खुशी लेकर
मायके में माँ से मिलती है
तब पिता की आंखों में
खुशियों के फूल खिले होते हैं।

----आलोक पंजाबी

हिन्दी

बादलों का देश

प्रस्तुत कविता में सूखी एवं जल हीन भूमि पर रहने वाले लोगों की परिस्थिति एवं आशाओं का वर्णन करने का प्रयत्न:

मन भी सोचने ठहर जाता है,
जब भी ख्याल आता है|
रूह कांप जाती है,डर सा लगता,
मन को विचलित कर जाता है|
'कहां गया वह?'
'क्या कभी था ही नहीं?'
बादलों का देश...!!

जहां कभी हो ना कमी,
भरे जल-सागर की|
मन माती हो वो खुशी,
देख हरियाली जहां की|
'क्यों हो रहा नष्ट यह...?
वातावरण-जल प्रदूषित?'
जाना पड़ता है क्यों?,
'लेने जल मिलो कहीं??'
'क्यों हो रहे ?,
बादल भी घमंडी??'
कहां गया वह बारिश का मजा,
बारिश में नाव का बहाना!
क्या कहीं हवा हो गया या बादलों
में समा गया|
कहीं तो होगा वह बादलों का देश!

- रविराज जैन
नवीं ब

कोरोना महामारी

महायुद्ध सी महामारी ये,
जिसका नाम कोरोना
पी.एम. सी.एम सब समझाऐ
लाकडाउन ही हल है इसका
बिना वजह निकलो ना
सब घर के अंदर जा बैठे
बाहर बढा कोरोना
महायुद्ध सी महामारी ये,
जिसका नाम कोरोना

- महीमा पाटीदार 7 ब

फौजियों का जीवन

फ़ौजी लोग हमारे देश पर बाहर से हमला करने वाले दुश्मनों से मुक़ाबला करते हैं । वे लोग जो हमारी रक्षा करते हैं । वो सुबह ४ बजे उठकर उनकी दिनचर्या शुरू करते हैं । वे लोग अपने परिवार वालो से भी बहुत कम बातें करते हैं । वे लोग पूरे दिन में सिर्फ़ १ या २ बार ही बात कर सकते हैं । उन लोगों को शाम को सारी जानकारी अगले दिन की दे दी जाती हैं । इन लोगों को सिर्फ़ १ साल में सिर्फ़ १ या २ महीने ही छुट्टी दी जाती हैं । वे अपने परिवार वालों को बहुत ही याद करते है ।

एन्जेल भाटिया कक्षा 8 ब

झंडा ऊंचा रहे हमारा

झंडा ऊंचा रहे हमारा
देखो बच्चों यह झंडा प्यारा.
तीनों रंगों का मेल सारा!
रहे सदा यह झंडा ऊँचा.
आकाश को हो रहा है छूता!
सदा करो तुम इसका मान.
कभी ना करना इसका अपमान,
झंडा ही है देश की शान.
बना रहे हैं यह सदा महान !

दिव्यांशु पंवार

8 ब

-तीन लालची आदमी-

एक बार की बात है, तीन घनिष्ठ दोस्त एक बार सफर पर निकले थे, थोड़ी देर चलने के बाद उन्हे तीन चमकदार सोने की ईटें रास्ते पर पड़ी मिली तीनो का मन ललचाया तीनों ने एक-एक ईट ले ली फिर वे सभी आगे चल दिए। कुछ समय बाद तीनो को बहुत भूख लगी , बहुत तलाशने के बाद उन्हे एक गांव दिखा तो उनमे से दो ने खाना लाने की सोची और वे चले गए फिर तीनो के मन मे लालच आ गया था। जो दो लोग खाना लेने गए थे,उन दोनों ने खाने में जहर मिला दिया । जो एक था वह भी दोनों को मारने के लिए चाकू लिए बैठा था सब ने अपनी तरकीब बना ली थी। जब वे खाना लेकर आए जो गाँव गए थे । उनको जो गांव नही गया था, उसने बाकी दो को मार दिया था फिर उसने तीनों ईटें ले ली।

वह भूख से बिलख रहा था फिर उसने खाना खाया। उसे नहीं पता था कि खाने में जहर है वह खाना खा कर मर गया।

इसी तरह वे तीनों ही मर गए और इसी तरह उन ईटों को आज तक कोई नही ले जा पाया।

शिक्षा-लालच बुरी बला है।

मोहम्मद जीशान

कक्षा 9 अ

जंगल के स्कूल का रिजल्ट

हुआ यूँ कि जंगल के राजा शेर ने ऐलान कर दिया कि अब जंगल में कोई अनपढ़ नहीं रहेगा। हर पशु को अपना बच्चा स्कूल भेजना होगा। स्कूल सबको, पढ़-लिखाकर प्रमाणपत्र बाँटेगा। सब बच्चे स्कूल जाने लगे। हाथी का बच्चा भी आया, शेर का भी, बंदर का भी आया और मछली की बच्ची भी, खरगोश का बच्चा भी आया तो कछुए की बिटियाँ भी, ऊँट का बच्चा भी और जिराफ का भी....! टेस्ट होने पर हाथी का बच्चा फेल हो गया। "किस विषय में फेल हो गया जी?" हाथी के पिताजी ने टीचर से पूछा ! "पेड़ पर चढ़ने में फेल हो गया, तुम्हारा बच्चा !" हाथी के पिताजी बोले कि "अब क्या करें?" "ट्यूशन दिलवाओ, कोचिंग में भेजो।" अब हाथी के जिन्दगी का एक ही मक़सद था कि हमारे बच्चे को पेड़ पर चढ़ने में पहला स्थान हासिल कराना है ! किसी तरह साल बीता। फाइनल रिज़ल्ट आया तो हाथी, ऊँट, जिराफ सबके बच्चें फेल हो गए। बंदर की बच्ची प्रथम आयी ! प्रिंसिपल ने उसे मंच पर बुलाकर मेडल दिया। बंदर ने उछल-उछल के कला- बाजियाँ दिखाकर, गुलाटियाँ मार कर खुशी का इजहार किया। उधर अपमानित महसूस कर रहे हाथी, ऊँट और जिराफ ने अपने-अपने बच्ची को बहुत डाटा ओर कहा की "बच्चों , इतने महँगे स्कूल में पढ़ाते हैं तुमको... ट्यूशन-कोचिंग सब लगवाए हैं, फिर भी आज तक तुम पेड़ पर चढ़ना नहीं सीखे? सीखो , बंदर के बच्चें से सीखो कुछ, पढ़ाई पर ध्यान दो !" फेल तो हालांकि मछली की बेटी भी हुई थी.... बेशक़ स्विमिंग में प्रथम आयी थी पर बाकी विषय में तो फेल ही थी। टीचर बोली, "आपकी बेटी कभी- कभी ही स्कूल आती है तो आप कृपया थोड़ा ध्यान दो !" मछली ने बेटी को आँखें दिखाई.... बेटी ने समझाने की कोशिश की कि, "माँ, मेरा दम घुटता है इस स्कूल में... मुझे साँस ही नहीं आती। मुझे नहीं पढ़ना इस स्कूल में ! हमारा स्कूल तो तालाब में होना चाहिये ना?" "नहीं, ये शेर का स्कूल है, तालाब वाले स्कूल में भेजकर मुझे अपनी नाक नहीं कटानी... समाज में कुछ इज्जत, है मेरी ! तुम्हें इसी स्कूल में पढ़ना है... बातों की जगह पढ़ाई पर ध्यान दो ! हाथी, ऊँट और जिराफ अपने-अपने बच्चों को पीटते हुए ले जा रहे थे। रास्ते में बूढ़े बरगद ने पूछा, "क्यों पीट रहे हो, बच्चों को?" जिराफ बोला, "पेड़ पर चढ़ने में फेल हो गए,!" बूढ़ा बरगद ने कहा की... "पर इन्हें पेड़ पर चढ़ाना ही क्यों है ?" बरगद ने कहा, "हाथी तुम अपनी सूंड उठाओ और सबसे ऊँचा फल तोड़ लो... जिराफ तुम अपनी लंबी गर्दन उठाओ और सबसे ऊँचे पत्ते तोड़-तोड़ कर खाओ.... ऊँट भी गर्दन लंबी करके फल पत्ते खा लेगा.. हाथी के बच्चे को क्यों चढ़ाना चाहते हो पेड़ पर? मछली को तालाब में ही सीखने दो ना?" "दुर्भाग्य से आज स्कूली शिक्षा का पूरा काम सिर्फ बंदर के बच्चे के लिये ही बनाया गया है ... इस स्कूल में 35 बच्चों की क्लास में सिर्फ बंदर ही प्रथम स्थान पर आएगा... बाकी सबको फेल होना ही है ! हर बच्चे के लिए अलग काम अलग विषय और अलग स्कूल होना चाहिये ! हाथी के बच्चे को पेड़ पर चढ़ाकर अपमानित मत करो... जबर्दस्ती उसके ऊपर फेलियर का ठप्पा मत लगाओ ! ठीक है, बंदर का उत्साहवर्धन करो पर शेष 34 बच्चों को नालायक, कामचोर,लापरवाह, घोषित मत करो।

शिक्षा - अपने बच्चों की क्षमताओं व प्रतिभा की कद्र करें ! चाहे वह पढ़ाई, खेल, नाच, गाने, कला, अभिनय, खेती, बागवानी, मेकेनिकल, किसी भी क्षेत्र में हों, उन्हें उसी दिशा में अच्छा करने दें ! जरूरी नहीं कि सभी बच्चे पढ़ने में ही अव्वल हों ! उनमें केवल अच्छे संस्कार व नैतिक मूल्यों की जरूरत है, जिससे बच्चे गलत रास्ते नहीं चुनें !*

नाम - खुशबु चौहान
कक्षा - 9th "A"

बाल मजदूरी क्यो ?

आज सुबह मैं जब विद्यालय जाने के लिए घर से निकली तो मैंने देखा कि कुछ बच्चे जो लगभग मेरी ही उम्र के थे वे पास ही की एक खदान में मजदूरी करने जा रहे थे। वे मुझे देख कर थोड़ा रूके ओर फिर वे निराश होकर अपनी राह पर चल दिए। मुझे लगा की वे मुझसे कुछ कहना चाहते हैं या मेरे विद्यालय के कपड़े व मेरी पुस्तकें देखकर सोचने लगे कि काश हम भी विद्यालय पढ़ने जाते। मुझे ना तो उनके चेहरे पर इस काम को लेकर उत्साह दिख रहा था क्योंकि इस वजह से उनसे उनकी पढ़ाई ,उनका बचपन छिन चुका था और ना ही उनके चेहरे पर उदासीनता थी क्योंकि उन्होंने इस काम को ही अपना जीवन मान लिया था उन्होंने परिस्थितियों के आगे घुटने टेक लिए थे। उन्हें देखकर विचार आया कि उनका जीवन कितना दु:ख दायी है। अभी उनके पढ़ने लिखने की उम्र है और उनके ऊपर मजदूरी के बोझ को लाद दिया गया है। जिन हाथों में कागज कलम और खिलौने होने चाहिए उन हाथों में मजदूरी की जंजीरों को बांध दिया गया है। उनसे उनके बचपन की खुशियां व आजादी छीन ली गई है। इन बच्चों के अशिक्षित रहने से इनका भविष्य अंधकारमय हो जाएगा और यही बच्चे आगे चलकर देश का भविष्य है और जब इन्हीं का भविष्य सुरक्षित नहीं है तो देश का भविष्य कैसा होगा देश प्रगति पथ पर बढ़ पाएगा या नहीं। यह हमारे देश के नागरिकों व सरकार के लिए गहरी चिंता का विषय है। एक प्रगतिशील देश के लिए उसके सभी नागरिकों का शिक्षित होना आवश्यक है। यह सरकार का कर्तव्य है कि वह अपने देश के सभी बच्चों को शिक्षा का पूर्ण रूप से अधिकार प्रदान करें।

"शिक्षा सभी बच्चों का जन्म सिद्ध अधिकार है।"

धनुराज कुंवर

9वीं 'ब'

मेरी माता

मेरी माता मेरी माता |
माता को मैं शीश झुकाती ||
सुबह - सवेरे वह मुझे जगाती |
मधुर-मधुर संगीत सुनाती ||
रोज कराती है तैयारी |
मेरी मम्मी कितनी प्यारी ||
दूध नाश्ता मुझे खिलाती |
नहलाकर कपड़े मुझे पहनाती ||
हरदम काम किया करती है |
वह आराम नहीं करती है ||
उनके बिन लगता है घर खाली |
जैसे हो बगिया बिन माली ||

अचला देवड़ा 7 - अ

माता - पिता

मां की ममता सबसे प्यारी,
सारे जग में सबसे न्यारी,
सबके दिल को भाने वाली,
प्यार का मोल सिखाने वाली।

पिता का प्यार भी है अनोखा,
सारे जीवन को उमंगों से भरता,
हाथ पकड़कर चलना सिखाए,
जीवन की नई राह दिखाएं।

माता पिता की सेवा करना,
प्यार नमता में ही चलना,
सदाचार अपनाते रहना,
जीवन खुशियों से तुम भरना।

लेखक – देव सेठिया
कक्षा – सातवीं 'ब'

जैसे को तैसा

एक जमींदार के लिए उसके कुछ किसान एक भुना हुआ मुर्गा और एक बोतल फल का रस ले आए। जमींदार ने अपने नौकर को बुलाकर चीजें अपने घर ले जाने को कहा। नौकर बहुत चालाक था। यह जानते हुए जमींदार ने उससे कहा, देखो, उस कपड़े में जिंदा चिड़िया है और बोतल में जहर है। खबरदार, जो रास्ते में उस कपड़े को हटाया, क्योंकि अगर उसने ऐसा किया तो चिड़िया उड़ जाएगी। और बोतल सूंघ भी ली तो तुम मर जाओगे। समझे?

नौकर भी अपने मालिक को खूब पहचानता था। उसने एक आरामदायक कोना ढूंढा और बैठकर भुना मुर्गा खा गया। उसने बोतल में जो रस था वह भी सारा पी डाला। एक बूंद भी नहीं छोड़ा।

उधर जमींदार भोजन के समय घर पहुँचा और पत्नी से भोजन परोसने को कहा। उसकी पत्नी ने कहा, "जरा थोड़ी देर ठहरो। खाना अभी तैयार नहीं है। जमींदार ने कहा, मैंने जो मुर्गा और रस की बोतल नौकर के हाथ में दी है वही दे दो। वही काफी है।

उसके गुस्से की सीमा न रही जब उसकी पत्नी ने बताया कि नौकर तो सुबह का गया अभी तक लौटा ही नहीं।

बिना कुछ बोले गुस्से से भरा जमींदार अपने काम की जगह वापस गया तो देखा नौकर तान कर सो रहा है। उसने उसे लात मारकर जगाया और किसान द्वारा लाई गई भेंट के बारे में पूछा।

लड़के ने कहा, मालिक, मैं घर जा रहा था तो इतने जोर की हवा चली कि मुर्गे के ऊपर ढका कपड़ा उड़ गया और जैसा आपने कहा था, वह भी उड़ गया। मुझको बहुत डर लगा कि आप सज़ा देंगें और मैंने बचने के लिए बोतल में जो जहर था वह पी लिया। और अब यहाँ लेटा-लेटा मौत के आने का इंतजार कर रहा था।

क्रिन्जल चौधरी

कक्षा 9 अ

सच्चा मित्र

एक दिन सुबह-सुबह दो मित्र समुद्र में नौका-विहार करने निकले। वे शांत समुद्र में नाव खेते और गपशप करते हुए जा रहे थे। देखते-ही-देखते वे किनारे से बहुत दूर गहरे समुद्र में जा पहुँचे।

तभी एकाएक आसमान में काले-काले बादल घिर आए। तूफानी हवाएँ चलने लगीं। समुद्र में ऊँची-ऊँची लहरें उठने लगीं। उनकी नाव लहरों के साथ हिचकोले खाने लगी। अब मृत्यु उनकी आँखों के सामने नाचने लगी। इतने में सौभाग्य से उन्हें पास ही तैरता हुआ लकड़ी का एक पल्ला दिखाई पड़ा। डूबतों को जैसे तिनके का सहारा मिल गया। दोनों मित्रों ने झटपट नाव से छलाँग लगाई और तैरते-तैरते उस पल्ले को पकड़ लिया। पर पल्ला बहुत ही हल्का था। वह दोनों का भार वहन नहीं कर सकता था।

तब एक मित्र ने दूसरे मित्र से कहा,देखो भाई, तुम शादीशुदा हो। तुम्हारी पत्नी है, बच्चे हैं। उनके लिए तुम्हारा जिंदा रहना ज्यादा जरूरी है। मैं ठहरा अकेला। इसलिए मैं मर भी गया, तो कोई हर्ज नहीं!

शादीशुदा मित्र ने जवाब दिया, "नही भाई, तुम्हारी माँ है, बहन है! अगर तुम मर गए, तो उनकी देखरेख कौन करेगा?

उनकी देखरेख का जिम्मा अब मैं तुम पर डालकर जा रहा हूँ।कहते हुए पहले मित्र ने पल्ला छोड़ दिया। वह समुद्र में डूबकर मर गया।

शादीशुदा युवक पल्ले के सहारे तैरते-तैरते किसी तरह किनारे आ लगा। उसकी जान बच गई। वह सकुशल घर पहुँच गया। उसने अपने दिवंगत दोस्त की माँ और बहन की जिंदगी भर परवरिश की।

शिक्षा -सच्चे मित्र एक दूसरे के सुख - दु:ख मे सहभागी होते है।

क्रिन्जल चौधरी

9 अ

वर्षा ऋतु

आई रे आई वर्षा ऋतु आई,
सुखी धरती को देखो ,
अब मुस्कुराए
और अपने पौधों में नया जीवन भर आई
आई रे आई वर्षा ऋतु आई
आज किसानों को देखो ,कितने खुश मालूम पड़े
हल को लेकर, बैल को लेकर , खेत में साथ खड़े ।
ताल - तलैया नद को देखो कैसे तृप्त हो उठे।
मेंढक भी है खूब टरराई, और जन- जन में उमंग भर लाई
सूखी धरती को देखो अब कैसे मुस्कुराई
आई रे आई वर्षा ऋतु आई ||

नाम- खुशबू पुरुषवानी
क्लास-8,अ

परिवार

मेरा प्यारा परिवार है
मेरा सुंदर परिवार है
मेरा बड़ा परिवार है
मेरा सुंदर परिवार है।
मेरे लिए वह सब कुछ है
मेरा प्यारा परिवार
मेरा सुंदर परिवार है ।
मेरे मम्मी पापा अच्छे है
बच्चों को वे बहुत प्यार देते हैं
उनके लिए वह सब कुछ करते हैं।
उसमें बहुत सारा प्यार है
मेरा प्यारा परिवार है
मेरा सुंदर परिवार है।

वन्दना धनगर
कक्षा 6

Covid-19 वैश्विक महामारी

कोरोना एक ऐसा वायरस है, जो संक्रमण के माध्यम से पूरी दुनिया में बहुत तेजी से फैलने वाली बीमारी बन गया है। विश्व स्वास्थ्य संघटन जिसे हम लोग WHO कहते है। उस संघटन ने कोरोना बीमारी को वैश्विक महामारी के रूप में पुष्टि कर दी है। जिसे हम COVID-19 भी कहते है। क्योंकि यह बीमारी दुनिया के आधे से ज्यादा देशों मे फैल गई है।

ऐसा कहा जाता है की, कोरोना वायरस की उत्पत्ति चीन के एक शहर वुहान में हुई थी। दुनिया के सबसे पहले कोरोना वायरस के मरीज इसी शहर में पाए गए थे। फिलहाल तो कोरोना वायरस से पूरी तरह ठीक होने की कोई दवा इस दुनिया में उपलब्ध नहीं है। लेकिन इस दुनिया में हर देश के वैज्ञानिक कोरोना वायरस को ठीक करने के लिए कई सारे प्रयोग कर रहे है।
जिसे बहुत ज्यादा वक्त लग सकता है।

लेकिन उन्होंने इस बीमारी से जुड़े कुछ लक्षण हमे बताए है, जिससे हम लोग इस वायरस से बच सकते है। इसमे अगर किसी को सर्दी, ज्यादा खांसी, सांस लेने में तकलीफ होती है, तो ये सामान्य लक्षण होते है।
कोरोना वायरस से ठीक होने की फिलहाल तो कोई दवाई नहीं है। लेकिन इस वायरस से बचने के कुछ उपाय है। जिससे हम लोग इस वायरस से बच सकते है। जैसे की अपने हाथ सैनिटाइज़र या फिर साबुन से 1 मिनट तक धोए ।

कोविड खतरा बड़ा है ,बचना मात्र विकल्प।
रहें संक्रमण रहित हम ,रख कर दृढ़ संकल्प।

कोविड से लड़ना अभी ,हम सब का है धर्म।
घर पर रह कर ही करें ,अपने सारे कर्म।

प्रस्तुतकर्ता- एलिस शर्मा

कक्षा 8 ब

जन्म से अंत तक ढाई अक्षर की यात्रा

मुझे ठीक से याद नहीं है कि मैने कहाँ पढा था
"पोथी पढ़ पढ़ जग मुआ पंडित भया न कोय, ढाई अक्षर प्रेम का पढ़े सो पंडित होय"
अब पता लगा ये ढाई अक्षर क्या है-
ढाई अक्षर के ब्रह्मा और ढाई अक्षर की सृष्टि
ढाई अक्षर के विष्णु और ढाई अक्षर की लक्ष्मी
ढाई अक्षर के कृष्ण और ढाई अक्षर की कान्ता (राधा रानी का दूसरा नाम)
ढाई अक्षर की दुर्गा और ढाई अक्षर की शक्ति
ढाई अक्षर की श्रद्धा और ढाई अक्षर की भक्ति
ढाई अक्षर का त्याग और ढाई अक्षर का ध्यान
ढाई अक्षर की तुष्टि और ढाई अक्षर की इच्छा
ढाई अक्षर का धर्म और ढाई अक्षर का कर्म
ढाई अक्षर का भाग्य और ढाई अक्षर की व्यथा
ढाई अक्षर का ग्रन्थ और ढाई अक्षर का सन्त
ढाई अक्षर का शब्द और ढाई अक्षर का अर्थ
ढाई अक्षर का सत्य और ढाई अक्षर की मिथ्या
ढाई अक्षर की श्रुति और ढाई अक्षर की ध्वनि
ढाई अक्षर की अग्नि और ढाई अक्षर का कुण्ड
ढाई अक्षर का मन्त्र और ढाई अक्षर का यन्त्र
ढाई अक्षर की श्वांस और ढाई अक्षर के प्राण
ढाई अक्षर का जन्म ढाई अक्षर की मृत्यु
ढाई अक्षर की अस्थि और ढाई अक्षर की अर्थी
ढाई अक्षर का प्यार और ढाई अक्षर का युद्ध
ढाई अक्षर का मित्र और ढाई अक्षर का शत्रु
ढाई अक्षर का प्रेम और ढाई अक्षर की घृणा
जन्म से लेकर मृत्यु तक हम बंधे हैं ढाई अक्षर में।
हैं ढाई अक्षर ही वक़्त में और ढाई अक्षर ही अन्त में।
समझ न पाया कोई भी है रहस्य क्या ढाई अक्षर में।

अग्रिमा मिश्रा
६ अ
केंद्रीय विद्यालय, मंदसौर

मम्मी-पापा का प्यार

मम्मी मेरी प्यारी है,
पापा मेरे अच्छे है,
मम्मी लाड़ - दुलार दिखाती
पापा गुस्सेदार!

पर उनके गुस्से में छुपा है ढेर सारा प्यार
मम्मी अच्छी चीज़े बनाती
पापा अच्छी चीज़े लाते,
मम्मी पापा दोनों प्यारे !!

उन दोनों के हम दो राज दुलारे
मम्मी मेरी प्यारी है
पापा मेरे अच्छे है!

आची पाटीदार
कक्षा 7 ब

"प्रवासी पक्षी"

उड़कर चला तो जाता हैं,
दाने पानी की तलाश में ,
पर ढूंढता रहता है।
कोई अपना,
पूरे आकाश में ।
सुबह शाम
सुख में दुःख में
देखता है,
अपने पुराने घोसलों को
अपनो से दूर,
रोज बनते बिगड़ते
होंसले को।
तिनका -तिनका सहेजता है,
छोटे से नीड़ में ।
उंगलियों पर गिन लेता है,
अपनो को,
परिचितों की भीड़ में ।
तपती धूप
सर्द हवाएं
सब सह लेता है।
कभी सबको,
कभी स्वयं को ही,
सब कह लेता है ।
सीखता है, चहकता है,
नई - नई भाषा में ।
चुन - चुनकर सहेजता है, पुराने शब्द,
अपनों से मिलन की आशा में ।

भूमिका भट्ट
कक्षा, 8.B

मां

मां और मां का प्यार निराला है।
जो कोई ना समझ सकें वह
समझ लेती हैं,
मेरे सारे दुखों को हर लेती हैं,
मेरी लाख गलतियों पर मुझे माफ
कर देती हैं,
अपनी इच्छा छोड़ अपने बच्चों
की खुशियों की दुआ करती है,
मां तो जन्नत का फूल है और
उनका प्यार करना असूल है,
मैं कब घुटनों से रेंगते रेंगते पैरों
पर खड़ी हुई,
तेरी ममता की छांव में जाने कब
मैं बड़ी हूं।

सुमन खारोल
कक्षा 8"ब"

लन्दन आई

लंदन आई, या मिलेनियम व्हील, लंदन में साउथ बैंक ऑफ थेम्स नदी पर एक कैंटिलीवर अवलोकन पहिया हैं | यह यूरोप का सबसे लम्बा कैंटिलीवर ऑब्जरवेशन व्हील हैं, और यह यूनाइटेड किंगडम में सालाना 3 मिलियन से अधिक आगंतुको के साथ सबसे लोकप्रिय टूरिस्ट आकर्षण है, और इसने लोकप्रिय संस्कृति में कई प्रस्तुती दी हैं | यह 9 मार्च 2000 में खुला था, इसकी मूल्य 70 मिलियन पाउंड यानि 5,19,13,85,500.00 रुपये हैं, यह 30 मिनट में एक चक्कर पूरा करता हे, यह लगभग 0.6 मील घंटे की गति से यात्रा करता हैं, इसके मालिक मर्लिन एंटरटेनमेंट्स हैं, इनको 2001 मे इन्स्टिट्यूशॅन ऑफ स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स स्पेशल अवार्ड भी मिला था | जब यह 2000 में जनता के लिए खोला गया तो यह दुनिया का सबसे लम्बा फेरिस व्हील था | इसकी उचाई 160 मीटर (525 फीट) से अधिक थी | लंदन आई लंदन में सबसे अधिक सार्वजनिक द्रश्य बिंदु पेश करती थी | मार्च 2020 में लंदन आई ने अपना 20वां जन्मदिन मनाया गया |

नाम = मयंक निंगवाल

कक्षा = 8 'ब'

रोल नं = 8219

क्लास मॉनिटर

जो क्लास में बने मॉनिटर
कोरी 'शान' दिखाते हैं
आता जाता कुछ नहीं
पर हम पर रोब जमाते हैं
जब क्लास में टीचर नहीं
तो खुद टीचर बन जाते हैं
कॉपी पेंसिल लेकर
बस नाम लिखाने लग जाते हैं
खुद तो बातें करें
हमें चुप करवाते हैं
अपनी तो बस गलती माफ
हमें बलि चढ़ाते हैं
क्लास तो संभाल पाते नहीं
बस सीखते और चिल्लाते हैं
भगवान बचाए इन मॉनिटर से
इन्हें हम नहीं चाहते हैं

रुचि धाकड़ आठवीं अ

पेड़, एक सैनिक

सैनिक की परिभाषा में सैनिक का अर्थ हम रक्षक या रक्षा करने वाला ले सकते हैं। पेड़ का भी कार्य समान है, हमारी रक्षा करना, हमें जीवित रखना। पेड़ ही है जिसके कारण हम पृथ्वी पर जीवित है। पेड़ ना होते तो हम ना होते। पेड़ का महत्व हम सभी जानते हैं, फिर भी हम पर्यावरण के इस अमूल्य अंग को नष्ट कर रहे हैं, जीवन की इस जरूरत को हमें नष्ट नहीं करना चाहिए। हमें इस जरूरत को बचाना है। भविष्य में इसकी कमी के कारण सभी का जीवन नष्ट हो जाएगा। मनुष्य ने अपने लालच के कारण बहुत से पेड़ों को नष्ट कर दिया है। इसके बाद हमें क्या करना चाहिए?

हमें नए पौधों को लगाना चाहिए ताकि वे पेड़ बन कर एक सैनिक की तरह हमारी रक्षा करें।हमें ऑक्सीजन प्रदान करें जीवन जीने के लिए।पेड़ की कमी से जीवन का वरदान नहीं रहेगा। सभी जगह अनदेखी तबाही हो जाएगी। पेड़ हमारे जीवन का कारण है, इसे हमें बचाना होगा।

यह चिंता की बात है कि पेड़ आज बड़े स्तर पर नष्ट हो चुके हैं, परंतु भविष्य में हमें इस कमी को भरना होगा, पेड़ एक सैनिक है सिद्ध करना होगा।

जानवी जगरवाल

VIII A

प्रार्थना

हाथ जोड़कर करे वंदना,
चरणों में तेरे यही प्रार्थना |
निश्छल प्रेम सभी का पायें,
जीवन में कभी न पछतायें|
पढना-लिखना मेरा काम,
देश का करुंगा ऊंचा नाम|
प्रभु ऐसे करवाना कर्म,
सबसे पहले सेवा धर्म |
मैं बालक हूँ नादान,
सदा रखना मेरा ध्यान |
हाथ जोड़कर करें वन्दना,
चरणों में तेरे प्रार्थना |

साक्षी धनगर
कक्षा- ग्यारहवीं वाणिज्य

कबीर के कार्य में गुरु महिमा

१.गुरु सो ज्ञान जु लीजिये, सीस दीजये दान।

बहुतक भोंदू बहि गये, सखि जीव अभिमान॥

अर्थ: कबीर दास जी कहते है कि अपने सिर की भेंट देकर गुरु से ज्ञान प्राप्त करो | परन्तु यह सीख न मानकर और तन, धनादि का अभिमान धारण कर कितने ही मूर्ख संसार से बह गये, गुरुपद – पोत में न लगे।

२.गुरु की आज्ञा आवै, गुरु की आज्ञा जाय।

कहैं कबीर सो संत हैं, आवागमन नशाय॥

अर्थ: कबीर दास जी कहते है कि व्यवहार में भी साधु को गुरु की आज्ञानुसार ही आना जाना चाहिए | सद् गुरु कहते हैं कि संत वही है जो जन्म - मरण से पार होने के लिए साधना करता है |

३.गुरु पारस को अन्तरो, जानतं हैं सब सन्त।

वह लोहा कंचन करे, ये करि लये महन्त॥

अर्थ: कबीर दास जी कहते है कि गुरु में और पारस - पत्थर में अन्तर है, यह सब सन्त जानते हैं। पारस तो लोहे को सोना ही बनाता है, परन्तु गुरु शिष्य को अपने समान महान बना लेता है।

4. कुमति कीच चेला भरा, गुरु ज्ञान जल होय।
जनम – जनम का मोरचा, पल में डारे धोया॥

अर्थ: कबीर दास जी कहते है कि कुबुद्धि रूपी कीचड़ से शिष्य भरा है, उसे धोने के लिए गुरु का ज्ञान जल है। जन्म – जन्मान्तरो की बुराई गुरुदेव क्षण ही में नष्ट कर देते हैं।

5. गुरु कुम्हार शिष कुंभ है, गढ़ि - गढ़ि काढ़ै खोट।
अन्तर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट॥

अर्थ: कबीर दास जी कहते है कि गुरु कुम्हार है और शिष्य घड़ा है, भीतर से हाथ का सहार देकर, बाहर से चोट मार - मारकर और गढ़ - गढ़ कर शिष्य की बुराई को निकालते हैं।

6. गुरु समान दाता नहीं, याचक शीष समान।
तीन लोक की सम्पदा, सो गुरु दीन्ही दान॥

अर्थ: कबीर दास जी कहते है कि गुरु के समान कोई दाता नहीं, और शिष्य के सदृश याचक नहीं। त्रिलोक की सम्पत्ति से भी बढकर ज्ञान – दान गुरु ने दे दिया।

द्वारा - आस्था पोरवाल

कक्षा12 - वीं विज्ञान

महादेवी वर्मा के साहित्य में छायावाद

हिंदी साहित्य में कुछ नाम अमर हो गये हैं, जिनमें से एक महादेवी वर्मा भी हैं। छायावाद युग में अपनी कविताओं के जरिये खास पहचान बनाने वालीं महादेवी वर्मा की रचनाओं में प्रतीकात्मकता, रहस्य, अलंकारिता और चित्रात्मकता के अद्भुत संगम को देखकर हर कोई असमंसज में पड़ जाता है कि आखिर इन सबका समावेश करते हुए इतनी अच्छी तरह से कोई कैसे ऐसी रचना कर सकता है, जो हर किसी के मन को भा जाने वाली और मन को भी बेहद सुकून देने वाली हो

» उपलब्धियां ·वर्ष 1956 में महादेवी वर्मा को पद्मभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही वर्ष 1988 में वे पद्म विभूषण से भी सम्मानित हुईं।

अपने काव्य संकलन 'यामा' के लिए महादेवी वर्मा ज्ञानपीठ पुरस्कार से भी सम्मानित की गई थीं। ·हिंदी साहित्य सम्मेलन ने उन्हें भारतेंदु पुरस्कार देकर भी सम्मानित किया था।

» अंतिम पड़ाव

महादेवी वर्मा न केवल एक सफल कवयित्री रहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में सेनानी की भी भूमिका निभाई और महिला अधिकारों के लिए भी लड़ा। प्रयाराज में उन्होंने 11 सितंबर, 1987 को अपनी आंखें मूंद ली, मगर उनके साहित्य ने उन्हें अमर कर दिया।

» ऐसी रही काव्य साधना

छायावादी युग की महादेवी वर्मा की रचनाओं पर छाप रही है। छायावाद का मतलब होता है कि किसी सुंदर दिखने वाली प्रिय चीज का मानवीकरण कर देना। मतलब यह हुआ कि छायावाद में सुंदरता की सजीवता सामने रखी गई है। छायावाद के बाकी रचनाकारों से महादेवी वर्मा इस मायने में भिन्न रहीं कि उन्हें बाकी कवियों की तरह से प्रकृति में खुशी या उल्लास की जगह गम या वेदना का अनुभव हुआ।

» भाषा शैली

महादेवी वर्मा की कविताएं गीति-काव्य की श्रेणी के अंतर्गत आती हैं, जिसकी दो शैलियां चित्र और प्रगीत शैलियां हैं। महादेवी वर्मा ने चित्र शैली का प्रयोग करते हुए रात्रि और संध्या का चित्रण अपनी कविताओं में विरह वेदना को व्यक्त करने के लिए किया है, जिसमें उन्होंने प्रतीकों का सहारा लिया है। हालांकि, इससे कहीं अधिक उन्होंने प्रगीत शैली का प्रयोग अपनी रचनाओं में महादेवी वर्मा ने किया है, जिसमें आपको सजीवता के एहसास के साथ भावनाओं की भी अनुभूति होती है। जहां तक भाषा की बात है, एक तो उन्होंने संस्कृत के आसान शब्द और कठिन तत्सम शब्दों का मिश्रण इस्तेमाल में लाया है, जि

» निष्कर्ष

शब्दों में महादेवी वर्मा की कृतियों के व्याख्यान को समेट पाना संभव नहीं है। बड़ी ही परिपक्वता से उन्होंने जीवन के सुख-दुःख एवं इसे जीने के लिए मौजूद आंतरिक शक्ति से अपनी रचनाओं में हमारा परिचय करवाया है। बताएं, आपने महादेवी वर्मा की कौन-कौन सी रचनाएं पढ़ी हैं?

आयुषी खालोटिया

कक्षा ग्याहरवीं ब वाणिज्य

माँ

वह है जो हमें जन्म देने के साथ ही हमारा लालन-पालन भी करती हैं। माँ के इस रिश्ते को दुनियां में सबसे ज्यादा सम्मान दिया जाता है। यही कारण है प्रायः संसार में ज्यादेतर जीवनदायनी और सम्माननीय चीजों तो माँ के संज्ञा दी गयी है जैसे कि भारत माँ, धरती माँ, पृथ्वी माँ, प्रकृति माँ, गौ माँ आदि। इसके साथ ही माँ को प्रेम और त्याग की प्रतिमूर्ति भी माना गया है। इतिहास कई सारी ऐसे घटनाओं के वर्णन से भरा पड़ा हुआ है। जिसमें मताओं ने अपने संतानों के लिए विभिन्न प्रकार के दुख सहते हुए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। यही कारण है कि माँ के इस रिश्ते को आज भी संसार भर में सबसे सम्मानित तथा महत्वपूर्ण रिश्तों में से एक माना जाता है।

प्रस्तावना माँ वह है जो हमें जन्म देती है, यही कारण है कि संसार में हर जीवनदायनी वस्तु को माँ की संज्ञा दी गयी है। यदि हमारे जीवन के शुरुआती समय में कोई हमारे सुख-दुख में हमारा साथी होता है तो वह हमारी माँ ही होती है। माँ हमें कभी इस बात का एहसास नही होने देती की संकट के घड़ी में हम अकेले हैं। इसी कारणवश हमारे जीवन में माँ के महत्व को नकारा नही जा सकता है।

मेरे जीवन में मेरी मा का महत्व माँ एक ऐसा शब्द है, जिसके महत्व के विषय में जितनी भी बात की जाये कम ही है। हम माँ के बिना अपने जीवन की कल्पना भी नही कर सकते हैं। माँ के महानता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इंसान भगवान का नाम लेना भले ही भूल जाये लेकिन माँ का नाम लेना नही भूलता है। माँ को प्रेम व करुणा का प्रतीक माना गया है। एक माँ दुनियां भर के कष्ट सहकर भी अपने संतान को अच्छी से अच्छी सुख-सुविधाएं देना चाहती है।

एक माँ अपने बच्चों से बहुत ही ज्यादे प्रेम करती है, वह भले ही खुद भुखी सो जाये लेकिन अपने बच्चों को खाना खिलाना नहीं भूलती है। हर व्यक्ति के जीवन में उसकी माँ एक शिक्षक से लेकर पालनकर्ता जैसी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाती है। इसलिए हमें अपनी माँ का सदैव सम्मान करना चाहिए क्योंकि ईश्वर हमसे भले ही नाराज हो जाये लेकिन एक माँ अपने बच्चों से कभी नाराज नही हो सकती है। यही कारण है कि हमारे जीवन में माँ के इस रिश्ते को अन्य सभी रिश्तों से इतना ज्यादे महत्वपूर्ण माना गया है।

निष्कर्ष मेरी माँ मेरे जीवन का आधारस्तंभ है, वह मेरी शिक्षक तथा मार्गदर्शक होने के साथ ही मेरे सबसे अच्छी मित्र भी है। वह मेरे हर समस्याओं, दुखों और विपत्तियों में मेरे साथ खड़ी रहती है और मुझे जीवन के इन बाधाओं को पार करने शक्ति प्रदान करती है, उसके द्वारा बतायी गयी छोटी-छोटी बातों ने मेरे जीवन में बड़ा परिवर्तन किया है। यही कारण है कि मैं अपने माँ को अपना आदर्श और सबसे अच्छा मित्र भी मानता हूं।

लेख - अन्नू जाट 12th वाणिज्य

बेटी है तो कल है

विधाता ने जब पहली बार किसी बेटी को बनाया होगा।

मानव के निर्माण के लिये इस धरती पर छोड़ने आया होगा।।
उस दिन विधाता भी सारी रात सोया नहीं होगा।
बेटी की जुदाई में सारी रात रोया होगा।।
कई जन्मों के पुण्योदय के बाद घर में बेटी का जन्म होता है।
इसलिये तो कन्यादान करना बहुत बड़ा धर्म होता है।।
बेटी पिता व पति दोनों के घरों के सम्मान का पूरा ध्यान रखती है।
उसके कलेजे पर चाहे पत्थर पड़े हों पर चेहरे पर मुस्कान रखती है।।
बेटी की आत्मा से उस दिन भी सिर्फ दुआओं के फूल बरसते हैं। जिस दिन राखी के कच्चे धागे भाई की कलाई को तरसते हैं।।
माँ बाप की दखल से बेटी के कई ख्वाब पूरे नहीं होते।
फिर भी बेटी की नजर में माँ बाप कभी बुरे नहीं होते।।

गम हो मगर चेहरे पर खुशी की परछाई होती है।

कठोर दिल बाप भी रो देता है जब बेटी की विदाई होती है।।
बेटी माँ बाप की लंबी उमर की हमेशा दुआएँ माँगती है।
वह सुख में हो या दुःख में चौखट पर उनका ही रास्ता निहारती है।।

तो हे ईश्वर.....मेरा तुझसे बस इतना ही कहना है।
तू कुछ दे या न दे हर घर में एक प्यारी सी बेटी जरूर देना।।

प्रियांशी बैरागी ग्याहरवीं वाणिज्य

आज हंसी कल आंसू होंगे

1

क्यूं न सहेज कर रख ले
इस प्रकृति को
आने वाले कल के लिए
आने वाले अपनों के लिए
ये कटते वृक्ष
ये सूखती नदियां
ये सिमटते पर्वत
एक रोज
यूं ही खत्म हो जाएंगे

2

आज हम कुछ कर सकते हैं
इस रोती हुई प्रकृति के आंसू
हम पोछ सकते हैं
एक वक्त बाद प्रकृति के
सारे आंसू सूख जाएंगे
पर आंसू होंगे
हमारी आंखों में
जिसे चाह कर भी
हम पोंछ नहीं पाएंगे

3

हम पुकारेंगे प्रकृति को
अपनी मदद के लिए
मौत की ख़ामोशी ओडे
वो बेजान पड़ी
बस यूं ही देखती रहेगी

जाह्नवी सोलंकी
12 वी विज्ञान

हिन्दी साहित्य में नारी का योगदान

नारी के योगदान का मूल्यांकन साहित्य में करना हो अथवा किसी अन्य क्षेत्र में , वह हर क्षेत्र में आज पीछे नहीं हैं। आज सभी क्षेत्र में नारी ने पुरुष से साझेदारी निभाई हैं। महिलाओं में बढ़ती चेतना और जागरूकता ने उनकी पारंपरिक छवि को तोड़ा हैं।

साहित्य में भी महिलाओं की भागीदारी जिस तेजी से हो रही हैं, उसे देखते हुए नारी अभिव्यक्ति की सामर्थ्य पर हैरान होने जैसी कोई बात नहीं रहेगी | आजादी की लड़ाई के समय जो स्वर साहित्य में उभरा, उसमें देश की परिस्थितियाँ और देश-प्रेम की अभिव्यक्ति स्पष्ट लक्षित होती थी | सुभद्रा कुमारी चौहान , महादेवी वर्मा , सरोजिनी नायडू आदि कई लेखिकाओं ने अपने समय को अभिव्यक्ति दी और उनके सशक्त लेखन का योगदान हिन्दी साहित्य को प्राप्त हुआ।

आज़ादी के बाद भारतीय समाज में शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता और नारीवादी आंदोलनों का ही प्रभाव रहा , जो शिक्षित और स्वावलंबी स्त्रियों के निर्णय लेने की शक्ति में लक्षित होता हैं । महिला लेखन चाहे मात्र कुछ प्रतिशत साक्षर महिलाओं तक ही पहुँच रहा हैं, परंतु फिर भी वह अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहा हैं।

उपासना गरवाल

11 वीं 'अ'

हॉकी

हॉकी भारत का राष्ट्रीय खेल है । हॉकी एक लोकप्रिय खेल है, जिस प्रकार यह खेल भारतवर्ष में कई वर्षों से खेला जा रहा है उससे यह प्रतीत होता है कि यह खेल भारतीय है । वास्तविकता यह है, कि भारतवर्ष में हॉकी को अंग्रेजों ने शुरू किया था । भारतीय इस खेल में दक्ष हो गए और अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में विजय प्राप्त करके नाम कमाया हॉकी का स्थापना - हॉकी का जन्म 1886 में तब हुआ जब हॉकी एसोसियेशन की स्थापना हुई ।
इसके बाद इंग्लैण्ड और आयरलैंड के मध्य वर्ष 1895 में पहला अन्तर्राष्ट्रीय मैच खेला गया । हॉकी खेल के नियम - हॉकी का खेल दो टीमों के मध्य खुले मैदान में खेला जाता है । प्रत्येक टीम में ग्यारह-ग्यारह खिलाड़ी होते हैं । प्रत्येक टीम गोल करने का प्रयत्न करती है । हॉकी का मैदान 92 मीटर लम्बा और 52 से 56 मीटर चौड़ा होता है | हॉकी के खेल में गेंद, हॉकी, चुस्त ड्रैस, हल्के मजबूत और सही नाप के केनवास के जूते, झंडियां, गोल के खंभे तथा तख्ते तथा गोल की जालियां आदि चीजें काम आती हैं | हॉकी का खिलाड़ी स्वस्थ तथा मजबूत होना चाहिए | हॉकी का भारत मे इतिहास - भारत ने ओलम्पिक हॉकी में सन् 1928 में पहली बार भाग लिया । भारत में अंतिम स्पर्धा में हालैंड को 3० गोल से पराजित करके हॉकी जगत में अपने नाम का सिक्का जमा दिया । चार वर्ष बाद लॉस एंजिल्स में भारत ने फिर से स्वर्ण पदक प्राप्त किया |भारतीय खिलाड़ी ड्रिबलिंग में कुशल थे | 1936 की भारतीय हॉकी टीम के कप्तान मेजर ध्यानचंद को जिन्हें हॉकी का जादूगर कहा जाता था और उन जैसा हॉकी का जादूगर विश्व में अभी तक नहीं हुआ है । देश में अभी हाल ही में उनका 100वां जन्मदिवस मनाया गया | भारतीय खिलाड़ियों का गेंद पर सदैव नियंत्रण रहता था और वे पास देने में भी कुशल थे । प्रत्येक खिलाड़ी प्रतिरक्षा तथा आक्रमण करना जानता था | भारतीय खिलाड़ियों में टीम की भावना थी । वे राष्ट्र के लिए खेलते थे। भारतीय खिलाड़ी ड्रिबलिंग में कुशल थे । 1936 की भारतीय हॉकी टीम के कप्तान मेजर ध्यानचंद को जिन्हें हॉकी का जादूगर कहा जाता था और उन जैसा हॉकी का जादूगर विश्व में अभी तक नहीं हुआ है । देश में अभी हाल ही में उनका 100वां जन्मदिवस मनाया गया । भारतीय खिलाड़ियों का गेंद पर सदैव नियंत्रण रहता था और वे पास देने में भी कुशल थे । प्रत्येक खिलाड़ी प्रतिरक्षा तथा आक्रमण करना जानता था | भारतीय खिलाड़ियों में टीम की भावना थी । वे राष्ट्र के लिए खेलते थे।

मोनिका परमार कक्षा - 10वीं 'ब'

इंटरनेट की उपयोगिता

नाम :- पायल गेहलोत

कक्षा - 10th

इंटरनेट ने संचार क्षेत्र में जिस तेजी से अपनी पहचान बनाई और शक्ति का अहसास कराया दुनिया मुट्ठी में सिमट कर रह गई। इंटरनेट के विकास का ही परिणाम है कि छोटे से मोबाइल से हम सम्पूर्ण विश्व के किसी भी कोने के बारे में घर बैठे आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। संसार में क्या घटित हो रहा है पल-पल की सूचना प्राप्त कर सकते हैं। घर पर ही नहीं कहीं भी क्यों न हो , बस में,रेल में, हवाईजहाज में, समुद्री जहाज में, आफिस में,बाजार में कोई जगह ऐसी नहीं की जहां इंटरनेट की पहुँच न हो। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस माध्य्म ने अपनी प्रभावी पैठ बनाली है।

सर्वव्यापी और सार्वभौम बन गया है सूचना क्रांति का यह माध्यम। इस के महत्व को इसी से समझ जा सकता है कि मोबाइल का नेट चार्ज कब खत्म हो रहा है हमें चिंता बनी रहती है। किसी भी अन्य काम में हम विलंब कर देते हैं पर नेट का चार्ज समय पर ही करा लेते हैं। ऐसा न हो कि नेट खत्म हो जाये। इंटरनेट पर आधारित मोबाइल,टीवी,कंप्यूटर,लेपटॉप आदि साधन हमारी जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बन गए हैं। आज के दिन संचार माध्यमों के महत्व के प्रति जागरूक करते हैं। हमारा भारत देश दूर संचार क्रांति की वजह से ही विकासशील देशों में तेजी से आगे बढ़ा है और हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती को भी पंख लगे हैं। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत लम्बी छलांग लगा रहा है।

दूरसंचार के इस माध्यम ने जीवन का कोई भी क्षेत्र ऐसा नही छोड़ा जो अछूता हो। मनोरंजन के साथ-साथ, शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीकी, व्यापार, कृषि, रोजगार, उद्योग, पर्यावरण आदि क्षेत्रों में बहुआयामी जागरूकता और विकास के साथ-साथ संस्कृति संरक्षण, धर्म एवं आध्यात्म का वातावरण बनाने का प्रभावी माध्यम बन गया है। अनेक वेब साइट और एप्स हैं विभिन्न जानकारी प्राप्त करने के लिए। चैनल्स पर निरंतर नवीन समाचारों का प्रसारण होता रहता हैं।

कोरोना महामारी की विषम परिस्थिति में जब कि सभी को घर मे रहने को बाध्य होना पड़ रहा है ऐसे में यह माध्यम वरदान सिद्ध हो रहा है। बच्चे इस माध्यम से पेंटिंग्स,संगीत,नृत्य,वाद्य वादन,वीडियो बनाना सीखने के साथ-साथ शिक्षा में भरपूर उपयोग कर अपनी रचनात्मकता को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। धार्मिक,सामाजिक सीरियल्स, फिल्म्स आदि परिवार का मनोरंजन कर रहे हैं। फोन कॉल,वीडियो कॉल्स, व्हाटऐप्स आदि से प्रियजनों के हालचाल मालूम कर रहे हैं। कोरोना की स्थिति की ताजा अपडेट और इस से जुड़ी हर नई गतिविधि की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

इंटरनेट ने संचार क्षेत्र में जिस तेजी से अपनी पहचान बनाई और शक्ति का अहसास कराया दुनिया मुट्ठी में सिमट कर रह गई। इंटरनेट के विकास का ही परिणाम है कि छोटे से मोबाइल से हम सम्पूर्ण विश्व के किसी भी कोने के बारे में घर बैठे आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। संसार में क्या घटित हो रहा है पल-पल की सूचना प्राप्त कर सकते है। घर पर ही नहीं कहीं भी क्यों न हो , बस में रेल में, हवाईजहाज में, समुद्री जहाज में, आफिस में,बाजार में कोई जगह ऐसी नहीं की जहां इंटरनेट की पहुँच न हो। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस माध्यम ने अपनी प्रभावी पैठ बनाली है।

कृ.प.उ.———

सर्वव्यापी और सार्वभौम बन गया है सूचना क्रांति का यह माध्यम। इस के महत्व को इसी से समझ जा सकता है कि मोबाइल का नेट चार्ज कब खत्म हो रहा है हमें चिंता बनी रहती है। किसी भी अन्य काम में हम विलंब कर देते हैं पर नेट का चार्ज समय पर ही करा लेते हैं। ऐसा न हो कि नेट खत्म हो जाये। इंटरनेट पर आधारित मोबाइल,टीवी,कंप्यूटर,लेपटॉप आदि साधन हमारी जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बन गए हैं। आज के दिन संचार माध्यमों के महत्व के प्रति जागरूक करते हैं। हमारा भारत देश दूर संचार क्रांति की वजह से ही विकासशील देशों में तेजी से आगे बढ़ा है और हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती को भी पंख लगे हैं। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत लम्बी छलांग लगा रहा है।

दूरसंचार के इस माध्यम ने जीवन का कोई भी क्षेत्र ऐसा नही छोड़ा जो अछूता हो। मनोरंजन के साथ-साथ, शिक्षा, स्वास्थ्य,तकनीकी,व्यापार,कृषि,रोजगार, उद्योग ,पर्यावरण आदि क्षेत्रों में बहुआयामी जागरूकता और विकास के साथ-साथ संस्कृति संरक्षण, धर्म एवं आध्यात्म का वातावरण बनाने का प्रभावी माध्यम बन गया है। अनेक वेब साइट और एप्स हैं विभिन्न जानकारी प्राप्त करने के लिए। चौनल्स पर निरंतर नवीन समाचारों का प्रसारण होता रहता हैं।

कोरोना महामारी की विषम परिस्थिति में जब कि सभी को घर मे रहने को बाध्य होना पड़ रहा है ऐसे में यह माध्यम वरदान सिद्ध हो रहा है। बच्चे इस माध्यम से पेंटिंग्स,संगीत,नृत्य,वाद्य वादन,वीडियो बनाना सीखने के साथ-साथ शिक्षा में भरपूर उपयोग कर अपनी रचनात्मकता को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। धार्मिक, सामाजिक सीरियल्स, फिल्म्स आदि परिवार का मनोरंजन कर रहे हैं। फोन कॉल, वीडियो कॉल्स, व्हाट्सएप ऐप आदि से प्रियजनों के हालचाल मालूम कर रहे हैं। कोरोना की स्थिति की ताजा अपडेट और इस से जुड़ी हर नई गतिविधि की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

नाम :- पायल गेहलोत

कक्षा - 10th

कवि की कल्पना

कवि तो बहुत देश मे जन्मे,
मैं तो बस उनकी छाया हूँ।
राष्ट्र प्रेम से औत-प्रोत,
कुछ शब्द उठाकर लाया हूँ।।

किस्से तो बहुत सुने थे,
जब दादाजी गीत सुनाते थे।
बापू जी और भगत सिंह के,
किस्से हमें बताते थे।।

भारत में पैदा होने पर,
यहाँ स्वाभिमान भरपूर रहे।
चाहे ईद मने या बैसाखी,
सबका बचपन खुशियों में चूर रहे।।

जब घरों में मनती थी दीवाली,
हर घर में खुशियाँ बँटती थी।
जब जन्म मनाते यीशु का,
वो रात खुशी से कटती थी।।

क्या राजनीति की राह बनी,
मातम मे भी माँगे ये वोट।
हमसे झूठे वादे कर के,
ये दिल पर करते गहरी चोट।।

ये नोट बाँटकर वोट नहीं,
मौतों का सौदा करते हैं।
एक बार मौका मिलते ही,
ये घर अपना भर लेते हैं।।

कर्म करें कुछ ऐसे ये,
मेरा शब्दकोष कम पढ़ जाए।
अगर ब्रह्मा भी लेख लिखे इन पर,
शायद वो भी कुछ ना कह पाएँ।।

भ्रष्ट नहीं सब लोग यहाँ पर,
कुछ देश को आगे बढ़ाते हैं।
कुछ अपने सुख और लोभ त्याग कर,
जग में नाम देश का करते हैं।।

कवि तो बहुत देश में जन्मे,
मैं तो उनकी छाया हूँ।
राष्ट्र प्रेम से औत-प्रोत,
कुछ शब्द उठाकर लाया हूँ।।

SHREYANSH PANDIT
23-09-2020
श्रेयांश पंडित

खेल पर निबंध

खेल एक शारीरिक क्रिया है, जिसके खेलने के तरीकों के अनुसार उसके अलग-अलग नाम होते हैं। खेल लगभग सभी बच्चों द्वारा पसंद किए जाते हैं, चाहे वे लड़की हो या लड़का। आमतौर पर, लोगों द्वारा खेलों के लाभ और महत्व के विषय में कई सारे तर्क दिए जाते हैं। और हाँ, हरेक प्रकार का खेल शारीरिक, मानसिक, मनोवैज्ञानिक और बौद्धिक स्वास्थ्य के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। यह एक व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। नियमित रुप से खेल खेलना हमारे मानसिक कौशल के विकास में काफी सहायक होता है। यह एक व्यक्ति के मनोवैज्ञानिक कौशल में भी सुधार करता है। यह हमारे अंदर प्रेरणा, साहस, अनुशासन और एकाग्रता लाने का कार्य करता है। स्कूलों में खेल खेलना और इनमें भाग लेना विद्यार्थियों के कल्याण के लिए आवश्यक कर दिया गया है। खेल,

कई प्रकार के नियमों द्वारा संचालित होने वाली एक प्रतियोगी गतिविधि है।

खेल बहुत अच्छे शारीरिक और मानसिक व्यायाम के लिए सबसे अधिक आसान और आरामदायक तरीका है। यह व्यक्तित्व के वृद्धि तथा विकास के साथ ही देश के लिए भी उपयोगी होता है। हम नियमित रुप से खेलने के लाभ और महत्व को कभी भी अनदेखा नहीं कर सकते हैं। खेल एक व्यक्ति को अच्छी भावना प्रदान करता है और स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है।

यह हमें हमेशा तंदुरुस्त और स्वस्थ रखने के साथ ही मादक पदार्थों की लत, अपराध और विकारों की समस्याओं से दूर रखता है। सरकार द्वारा बच्चों और विद्यार्थियों को खेलों में भाग लेने के लिए बढ़ावा देने और इनके माध्यम से लोकप्रियता प्रदान करने के लिए खेलों का राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी आयोजन किया जाता है। कई सारे खेल बहुत ही साधारण होते है हालांकि इनमें महारत हासिल करने के लिए नियमित रुप से अभ्यास, ध्यान और मेहनत करने की आवश्यकता होती

नाम- पुरषोत्तम माहेश्वरी

कक्षा-11th commerce



||मंजिल||

रोज सोने पहले सपना मंजिल का देखती हुं,

और उसकी चाहत में, रोज सबेरे उठती हुं||

मंजिल की इस दौड में, ये भीड़ कहा जा रही है,

कभी किसी से आगे हुं, कभी मैं पीछे चलती हुं||



आगे निकलना इतना आसान नहीं है इसलिए,

नयी तरकीब या नयी राह मैं चुनती हुं,

शतरंज के इस खेल में, इक तरफ मंजिल है,

दुसरी तरफ, मैं ही राजा, रानी, हाथी, घोड़ा, मोहरा हुं||

ये दोड भी कितनी अजीब है, खत्म ही नहीं होती,

फिर भी कुछ हासिल करने की कोशिश करती रहती हुं||

राह में गिरती, संभलती, रूकती, और फिर दौडती हुं,

पर आखिर में मुझ को, एक कफ़न में लिपटा पता हुं||

प्रिति वरकडे

कक्षा- ग्यारहवीं विज्ञान

नई शिक्षा नीति 2020

भारतीय भाषा, कला, और संस्कृति का प्रचार

NEHA CHOUHAN

• भारतीय भाषा, कला और संस्कृति का प्रचार न केवल राष्ट्र के लिए बल्कि व्यक्ति के लिए भी महत्वपूर्ण है। सांस्कृतिक जागरूकता और अभिव्यक्ति बच्चों में विकसित होना जरूरी है, इससे उनमें विभिन्न संस्कृतियों की पहचान सुदृढ़ हो।

• सभी प्रकार की भारतीय कलाओं को शिक्षा के सभी स्तरों पर स्थापित किया जाए।

• भारतीय भाषाओं के शिक्षण और सीखने को हर स्तर पर स्कूल और उच्च शिक्षा के साथ एकीकृत किया जाए। भाषाओं के प्रासंगिक और जीवंत बने रहने के लिए, इन भाषाओं में पाठ्यपुस्तकों, कार्य पुस्तिकाओं, वीडियो, नाटकों, कविताओं, उपन्यासों, पत्रिकाओं आदि सहित उच्च गुणवत्ता वाली प्रकाशित सामग्री की एक स्थिर धारा हो।

• भाषाओं को व्यापक रूप से प्रसारित किए जाने वाले अपने शब्दकोष हों जिनका लगातार आधिकारिक अपडेट हो।

• बच्चों में भाषा, कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हों पहल—स्कूल के सभी स्तरों पर संगीत, कला और शिल्प पर हो अधिक जोर; बहुभाषावाद को दिया जाए बढ़ावा, इसके लिए तीन-भाषा सूत्र का प्रारंभिक कार्यान्वयन हो; जहां संभव हो घर/स्थानीय भाषा में शिक्षण हो; अधिक अनुभवात्मक भाषा सीखने का संचालन हो; ज्ञानी प्रशिक्षकों के रूप में उत्कृष्ट स्थानीय कलाकारों, लेखकों, शिल्पकारों और अन्य विशेषज्ञों की भर्ती हो; मानविकी, विज्ञान, कला, शिल्प और खेलों में जनजातीय और अन्य स्थानीय ज्ञान सहित पारंपरिक भारतीय ज्ञान को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए।

• भारतीय भाषाओं में कार्यक्रम, तुलनात्मक साहित्य, रचनात्मक लेखन, कला, संगीत, दर्शन आदि देश भर में विकसित किए जाएंगे, 4 वर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम में इन विषयों में दोहरी डिग्री विकसित की जाए।

• कला और संग्रहालय प्रशासन, पुरातत्व, पुरातत्व संरक्षण, ग्राफिक डिजाइन और उच्च शिक्षा प्रणाली के भीतर वेब डिजाइन में डिग्री भी बनाई जाएं।

• उच्च शैक्षणिक संस्थानों के छात्र जाएंगे देश भर में, यह न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि भारत के विभिन्न हिस्सों की विविधता, संस्कृति, परंपराओं और ज्ञान की समझ बढ़ाएगा।

• संस्कृत को स्कूल में मजबूत प्रस्ताव के साथ मुख्यधारा में लाया जाए-जिसमें तीन -भाषा सूत्र में भाषा के विकल्पों में से एक के साथ-साथ उच्च शिक्षा भी शामिल हो। संस्कृत विश्वविद्यालय भी उच्च शिक्षा के बड़े बहु-विषयक संस्थान बनने की ओर अग्रसर होंगे।

• पूरे देश में संस्कृत और सभी भारतीय भाषा संस्थानों और विभागों को और सुदृढ़ किया जाए।

• भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लिखित प्रत्येक भाषा के लिए, अकादमियों की स्थापना होगी। आठवीं अनुसूची में शामिल भाषाओं के लिए ये अकादमियां केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों के परामर्श या सहयोग से स्थापित की जाएंगी। अन्य अत्यधिक बोली जाने वाली भारतीय भाषाओं के लिए भी अकादमियां इसी तरह केंद्र और/या राज्यों द्वारा स्थापित की जा सकती हैं।

• भारत में सभी भाषाओं, और उनकी संबंधित कला और संस्कृति को एक वेब-आधारित प्लेटफॉर्म/पोर्टल/विकी के माध्यम से प्रलेखित किया जाएगा, ताकि लुप्तप्राय और सभी भारतीय भाषाओं और उनके संबंधित समृद्ध स्थानीय कला और संस्कृति को संरक्षित किया जा सके।

ADITI PALIWAL
23/09/2020

स्कूल मस्ती

गेम्स पीरियड में खेलते बच्चे
उनको खेलता देख
खो जाती हूँ अपने आप में
याद आते हैं अपने स्कूल के दिन।

न ग्राऊंड, न खेल
बस कहीं भी बैठ खाना खाते
खेल के नाम पर बस
कुछ तेरी मेरी बातें कर जातें।

कितना स्वच्छंद हो गया है स्कूली
जीवन
कुछ पढ़ाई बाकी मस्ती
जिंदगी बन गई है उनके सस्ती
छोटी छोटी बातों पर भूल जाते
दोस्ती।

माना जमाना बदल गया है
पर स्कूली जीवन में
बदलाव ज्यादा आया है
जिंदगी को लक्ष्यहीन बनाया है।

वो भोलापन अब समाप्त हो रहा है
सोशल मीडिया का असर हो रहा है
उग्रता अधिक ,वैमनस्य बढ़ रहा है
शालीनता मानो लुप्त हो रहा है।

रिसेस व गेम्स पीरियड
जहाँ देते जीवन मूल्य
वहीं आज कर रहे मूल्यों का हनन
टीम बना लड़ने में लगता है मन।

शिक्षक तो शिक्षक अभिभावक परेशान
पढ़ाई में बच्चों का नहीं ध्यान
कहा वे अब किसी का न मानते
अपनी मन मर्जी हर जगह चलाते।

गुरू शिष्य परम्परा
नहीं दिखती है अब
मनचली मस्ती बढ़ने लगी है
परिणाम अब नज़र आते हैं।

संस्कृति का वाहन होगा तब
सुसंस्कृत स्कूल जीवन होगा जब
चरित्र निर्माण ध्येय बनेगा जब
जीवन सफल हो जाएगा तब।

Name : Aditi Paliwal Class: 10th ' B '

कोरोना

हर घर में यहीं नारा है,
कोरोना को हराना है।
इसने कैसा चक्कर चलाया,
बड़े बड़ों को घर में बैठाया,
अब इसको भी भागना है,
फिर से घूमने जाना है।
थाली से सब्जी गायब ,
मुंह से पान और मावा गायब,
महंगा दौर जमाना हैं,
फिर से पनीर पापड़ खाना है।
कोरोना को हराना है॥

निखिल लाड़ना कक्षा 10 अ

तुलसीदास की जीवनी

संस्कृत से वास्वतिक रामायण को अनुवादित करने वाले तुलसीदास जी हिन्दी और भारतीय तथा विश्व साहित्य के महान कवि हैं। तुलसीदास के द्वारा ही बनारस के प्रसिद्ध संकट मोचन मंदिर की स्थापना हुयी। अपनी मृत्यु तक वो वाराणसी में ही रहे। वाराणसी का तुलसी घाट का नाम उन्हीं के नाम पर पड़ा है।

गोस्वामी तुलसीदास एक महान हिन्दू संत, समाजसुधारक के साथ ही दर्शनशास्त्र और कई प्रसिद्ध किताबों के भी रचयिता थे। राम के प्रति अथाह प्रेम की वजह से ही वे महान महाकाव्य रामचरित मानस के लेखक बने। तुलसीदास को हमेशा वाल्मिकी (संस्कृत में रामायण और हनुमान चालीसा के वास्वतिक रचयिता) के अवतरण के रुप में प्रशंसा मिली। तुलसीदास ने अपना पूरा जीवन शुरुआत से अंत तक बनारस में ही व्यतीत किया।

नाम : डिम्पल चौहान

कक्षा : 10 ' ब '

निर्बल का बल

निर्बल का बल राम है।
हृदय ! भय का क्या काम है।।
राम वही कि पतित-पावन जो
परम दया का धाम है,
इस भव - सागर से उद्धारक
तारक जिसका नाम है।
हृदय, भय का क्या काम है।।
तन-बल, मन-बल और किसी को
धन-बल से विश्राम है,
हमें जानकी - जीवन का बल
निशिदिन आठों याम है।
हृदय, भय का क्या काम है।।

हिमांशु सोपरा
कक्षा 12 विज्ञान

राम

राम...जिनके नाम का उच्चारण ही सुकून, सकारात्मक ऊर्जा और शक्ति का संचार करता है। जिन्होंने स्थापना की न्याय की। जिन्होंने संघर्ष की कलम से विजय की दास्तान लिखी। रावण प्रतीक है अन्याय का, अभिमान का और उनके अभिमान को ध्वस्त किया राम ने।

रावण के पास वैभव खूब था। साम्राज्य भी था और शक्ति भी थी। किन्तु जीवन में इसका महत्व तभी है जब विनम्रता हो। उदारता हो। न्याय हो। जब पाप बढ़ता है तो राम आते हैं। अन्याय को मिटाने के लिए। अनीति ओर पाप को जलाने के लिए।

राम ने संसार को मर्यादा की जो परिभाषा दी, वह प्रेरक भी है और अनुकरणीय भी है। आज के समय में जब युवा पीढ़ी अपनी मौज में आकर संस्कारों को बिसराती जा रही है, राम को जीवन में उतारने की आवश्यकता है। उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। राम जिनमे राज्य पाने का कोई लालच छू भी नहीं पाया बल्कि अपने कर्तव्य के लिए वे राज पाट छोड़कर 14 वर्षों के कठिन वनवास पर चले गए। आज्ञापालन और त्याग का ऐसा अभूतपूर्व उदाहरण और कहाँ मिलेगा? राम का चरित्र त्याग, संघर्ष और अन्याय के विरुद्ध अभियान छेड़ने की प्रेरणा देता है। जो विपत्तियों से घबराकर मुँह छिपाने की नहीं बल्कि आखिरी सांस तक जूझने की सीख देता है।

राम को जीवन में लाना है तो संघर्ष-सच्चाई और न्याय को स्थापित करना होगा।

-मृदुला पंजाबी

12वीं विज्ञान

गोस्वामी तुलसी दास के साहित्य में मानवीय चेतना

विश्व में ऐसे अनेक कवि हुए जिन की कृतियां कालजयी हुई वह सभी कालों के और संपूर्ण विश्व में सर्वश्रेष्ठ कवियों के रूप में मान्य हुए। ऐसे कवियों ने समाज, जनता और देश काल की परिस्थितियों के अनुसार उस समय के जनमत को बहुत अच्छे से निखारा। इन्हीं कवियों ने समाज में जन क्रांति की लहर को जन्म दिया महान भारत भूमि में ऐसे कितने ही कवि हुए जो केवल भारत के लिए ही नहीं संपूर्ण विश्व के लिए रत्न बन गए। इन कवियों ने कविता को नए स्तरों पर पहुंचाया।वे वास्तविक रुप से कविता के सच्चे उपासक थे। हिंदी साहित्य जिस काल को अपना स्वर्ण काल मानता है उस भक्ति काल में तो ऐसे कवियों की गणना ही क्या करना जो ईश्वर और मानव के पारस्परिक संबंध को समाज के संबंधों से ऊंचा बताते हुए सदैव मानवता के उपासक रहे। इन्होंने कालाजयी दिव्य रचनाओं का निर्माण किया ,ऐसी ही रचनाओं में रामचरितमानस अमर है और इसके कवि श्री तुलसीदास तो आज भी भारत में सम्मान को प्राप्त है। तुलसीदास जी ने जिस प्रकार से मानवीय मूल्यों की अपने काव्य में उपासना की वह एक अनुपम उदाहरण है। तुलसी के साहित्य के प्रमुख ग्रंथ माने जाने वाले रामचरितमानस में ऐसी मानवीय मूल्य परक उपासना मिलती है जो अपने आप में अत्यंत उत्तम उदाहरण है।तुलसी सामाजिकता और आदर्श के कवि हैं, उनके काव्य में राम एक आदर्श पुत्र हैं, लक्ष्मण एक आदर्श भाई हैं, राम एक आदर्श राजा भी हैं एक आदर्श मित्र भी है तुलसी के राम किसी बंधन में नहीं बंधे हैं।

कृ.प.उ.———-

वे सभी के लिए समान है तुलसी का साहित्य जहां एक और मानव जीवन के आदर्शों को स्थापित करता है वही समाज में जन क्रांति के लिए आह्वान देता है। तुलसी हर वर्ग के प्रति संवेदनशील हैं वे मित्रता में किसी को छोटा या बड़ा नहीं मानते।उनके अनुसार मानव का परम धर्म उपकार रत रहना ही है तभी तो वे कहते हैं" पर हित सरस धरम नही भाई",वे समभाव के उपासक हैं तभी कहते हैं "हरि व्यापक सर्वत्र समाना" उनकी इन्हीं विशेषताओं ने उन्हें हर जाति-धर्म में सम्मान दिलाया। भारत में ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व में उनकी कृतियों को सम्मान दिया जाता है आज भी हर भारतीय के मन में उनके राम की नायक वाली छवि अंकित है। मेरा विश्वास है की तुलसी के सच्चे अर्थों को समझकर हम विश्व को एक ऐसे पद पर ले जा सकते हैं जहां एक दूसरे के प्रति भेद की बात ना हो केवल और केवल जहां समानता और प्रेम की बात हो। तभी विश्व एक ऐसी अवस्था में पहुंचेगा जहां इस महान मनुष्य ने उसका सपना देखा था।

लेख -
ईशान कौशिक
कक्षा 10 ब

महाप्रलय

(ईश्वर मनुष्य से तर्क करते हुए)

दोष तू तो दोषी में,
जाम तू मदहोशी में
अधूरा तू समृद्ध मे
जो लोभी तू तो बुद्ध में
चले जो तू वह राह हूं मैं
बना है तू फना हूं मैं
माता हूं मैं पिता हूं मैं
कुरान हूं गीता हूं मैं
ईसा मसीह में नानक हूं
सुहाना हूं भयानक हूं
आकाश हूं पाताल हूं
शरीर हूं कंकाल हूं
भूत मैं पिशाच मैं
शमशान का हूं नाच में
कुबेर हूं फकीर हूं
नसीब की लकीर हूं
कटोच तू तो प्यार में
जो चीख तू पुकार में
मैं स्वर्ग हूं मैं नर्क हूं

जवाब तू में तर्क हूं
तबाह करे वह बाढ़ हूं
ज्वालामुखी पहाड़ हूं
किए जो तूने पाप है
रखा मैंने हिसाब है
छुपा नहीं है मुझसे कुछ
खुली तेरी किताब है
कुकर्म जो तू कर गया
घड़ा जो तेरा भर गया
किया जो तब डरा नहीं
परिणाम से क्यों डर गया
की धरती पर जब मैं आऊंगा
महाप्रलय मैं लाऊंगा
ना रहेगा जीव जंतु
नाश में कर जाऊंगा||

आदिश वीरानी 11th अ
विज्ञान

ENGLISH

My Teacher

you are like a friend to me
when I was no where to go,
you were the only one whom I know

you are like my mother,
who is always there to wipe my tear.

you are just a Gardner for me
when ever needed you pour the knowledge
of wisdom on me and help me to grow.

Oh my very dear teacher
bless me never to be in fear
as you are the ocean
I am your drop that follows you throughout.

Karti Morya VI A

Lt Kiran Shekhawat : First Woman Martyr of Indian Navy

Early life

Lt Kiran Shekhawat was born on 01 May 1988 in Mumbai into a Naval family. Daughter of Hon Lt Vijendra Singh Shekhawat and Smt Madhu Chauhan, Lt Kiran Shekhawat belonged to Sefarguwar village in Khetri Tehsil of Jhunjhunu district in Rajasthan. She completed her schooling from Kendriya Vidyalaya-II in Vishakhapatnam and then graduated with a Bachelor of Science from Andhra University. She then worked with a private bank before joining the Indian Naval Academy (INA) in Ezhimala, Kerala in 2010. Lt Shekhawat had married a fellow naval officer Lt Vivek Singh Chhoker from Kurthala near Gurgaon, where her mother-in-law Sunita Chhoker was a sarpanch and the family had some agricultural land.

Naval Career

Commissioned on July 5, 2010, Lt Shekhawat joined the Indian Naval Air Squadron (INAS) 310 — a premier IW squadron nicknamed Cobras. In her five-year career, she was posted across various Naval stations and was transferred to Goa in 2015. Being an expert on intelligence warfare, she was recording the environment charts and various other parameters required for intelligence analysis during the ill-fated training sortie.

Lt Kiran Shekhawat's life was all about the Navy — her death too. She was born to a Navy sailor and joined the Navy herself. She was extremely focused and a disciplined officer. Lt Shekhawat had a passion for flying and when she wasn't on duty, she loved dancing and listening to the tracks of Enrique Iglesias and Shania Twain. A big fan of author Nicholas Sparks, she made sure she either read all his books or watched the movies based on them. Lt Shekhawat, an Observer, had taken part in the first all-women marching contingent of the Navy during the Republic Day parade of Jan 2015. Lieutenant Shekhawat's father retired from the Navy as Master Chief Petty Officer and is now running a charitable organization called, "Lt Kiran Shekhawat Foundation" in her honour. Her husband Lt Cdr Vivek Singh Chhoker is also a naval officer currently serving as an instructor in the Naval Academy in Ezhimala in Kerala.

Indian Navy Dornier Crash: 24th March 2015

The Indian Navy Dornier that crashed during a night sortie on 24th March 2015 was being flown by a competent and experienced team comprising Lt Kiran Shekhawat, co-pilot Lt Abhinav Nagori and Commander Nikhil Joshi. Lt Kiran was operating in a combat role as an observer in the tactical sorties flown over the ocean for tracking and engaging hostile ships violating the country's maritime boundaries. Her body and that of the co-pilot Lt Abhinav Nagori were recovered two days after the crash, while the pilot Commander Nikhil Joshi was rescued by a fisherman. The wreckage of the Dornier was found about 60 m under the sea at the south-west of Goa coast. The body of Lieutenant Shekhawat was found inside the fuselage of the aircraft.

Legacy

Lt Kiran Shekhawat was a brave and a committed soldier who became the first Naval woman officer to die in harness. Lt Kiran Shekhawat will always be remembered for her service to the nation and her story will continue to inspire future generations of India.

Lt Kiran Shekhawat is survived by her parents and a brother.

A Shaheed Park has been developed in the honour of Lt Kiran Shekhawat on a 2 acres land at Kurthala (Nuh) in Haryana.

A life-size statue of Lt Kiran Shekhawat has been installed in the Shaheed Park at Kurthala.

A 7.5 Kilometres of road stretch between Chechera and Village Bighwali has been named after Lt Kiran Shekhawat in her honour.

Lt Kiran Shekhawat's family has established a society in March 2016 named "Lt Kiran Shekhawat Foundation" to work for weaker sections of society and to organize periodical events with an aim to inspire the young generation

Agrima Mishra
6th A
Kendriya Vidyalaya, Mandsaur (M.P.)

SCIENTIFIC FACTS

1.Turritopsis dohrni (jellyfish) is the only species who can not destroy itself.

2.we are born with 300 bones, but by the age of 18, by coming in, our bones become 206 only.

3. 25% of our body bones are in our feet.

4. Currently Saturn has the highest number of moons which is 82 moons.

5. Methanol fire is the only type of fire which is invisible.

6.Hot water turns into ice more fastly than the cold water because of the Mpemba effect.

7.The photon which require only 8 min. 16 sec to come to earth from sun the same photon requires 40000 years to come from sun's core to its surface.

8.Mars is red because in its surface ferrous oxide is present which forms rust and the rust continuously float in its atmosphere.

9. Camels don't actually store water in their humps they store the water in their bloodstream.

10.Octopuses have three hearts, nine brains and blue blood.

BY – DEV SETHIYA

CLASS – 7th 'B'

Article On Nature

Nature loves everyone.Nature is inspiration to lives. Each other helps human beings is totally depended on nature. Nature gives food, fruit and many other essential things for living and human beings return pollution, noise pollution, air pollution and water pollution but we want to nature friend us every time to aware for nature and stoping pollution. Nature is very important of our life, animal life and plants life. Nature is depended on trees, plants, water. Nature is our sourrounding. Nature gives water we drink, air we breath, food we eat, land we lives. Trees is house of birds because birds build nest in trees. There are three parts of nature - trees, plants, water. Morning air is very healthy for our live. In morning we also do exercise, yoga and all things are good for health.

Aachi Patidar VII

Thanks mom, Thanks dad

Thank you, mom.
Thank you, dad.
Three small words.
So much to add.
For all your love.
And your support.
A million words.
Word be to short.
The words,
"I LOVE YOU
Seem to few.
To express the love.
I have for you.

NAME = KIRAN. ARYA.

THE TRUE FRIEND

Once there were two friends - a squirrel and a puppy. They used to live and play together. The squirrel was very sporty and always won the game. The puppy used to feel bad and thought that it was of no use.

One day, it started raining heavily. The squirrel was in high spirits. He started doing antics but suddenly, lost his balance and fell in the rain water.

He called his friend , the puppy for help.
The puppy came to his rescue. The squirrel climbed on its back and reached a safe place.
He thanked his friend for saving his life.

NAME - KIRAN ARYA
CLASS - 6TH B
CLASS - 6 th B

Spring Spring Spring

Spring Spring Spring
Is here with a bling

We can see the flowers blooming
People are enjoying by roaming

We can see the colors all over
Don't miss the chance to enjoy before it's over

Spring Spring Spring
Is here with a bling

Angel Bhatiya
8th A

APJ ABDUL KALAM

We are most miliar with the accomplishments of Dr APJ Abdul Kalam as a defence scientist. As a result of it, the alliance of N. D. A. government made him the contender for the post of leader of India in 2002. With about 90% vote, he swore as the eleventh president of India on 25 July 2002 in Parliament within sight of Prime Minister Atal Bihari Vajpayee and his bureau of ministers.Sir Abdul Kalam was a vegan and carefully followed discipline throughout his life. Even though he didn't have connections with a political field, he was politically productive on account of his idea of patriotism and his devotion towards open government assistance. He has been the central President who has never had any association with legislative issues or political exercises.In his few books, Kalam Sir has explained how he turned into the president of India. Through this book, he has explained numerous occasions that happened with him turning into the president.This book recommends that he again wanted to be the president of India. However, the conditions didn't permit him to do as such. By going through his books, we can easily understand the thought of his interest and ability recorded as a hard copy.

Vishal Rathore

Class - 8 A

Rani Lakshmi Bai

Rani Lakshmi Bai was one of the leading warriors of India's first struggle for independence. A symbol of bravery, patriotism and honour. Rani Lakshmi Bai was born on 19th November 1828 at Pune but her actual name of Manikarnika. Her father Moropant tambe was a court advisor and mother Bhagirathi was a scholarly women. At a very early age she lost her mother. Her father raised her in an unconventional way and supported her to learn to ride elephants and horses and also to use weapons effectively. She grew up with Nana Saheb and Tattiya tope who were active participants in the First revolt of independence.

In 1842, Rani Lakshmi Bai got married to Raja Gangadhar Rao who was the Maharaja of Jhasi. After her marriage she came to be known as Lakshmi Bai. In 1851, she gave birth to a son but unfortunately, he died in his fourth month. After this tragic incident, Damodar Rao was adopted by the Maharaja of Jhasi as his son. Due to poor health Maharaja Gangadhar Rao he died on 21st November 1853. Rani lakshmi Bai was just 18 years old when the Maharaja died, but she didn't lose her courage and took up her responsibility.

Lakshita Nikhade

7th B

THE SQUIRREL

A fable
The mountains and the squirrel
Had a quarrel;
And the farmer called the latter 'Little Prig'
Ban replied
"you are doubtless very big;
But all sorts of things and weather
Must be taken in together
To make up a year
And a sphere.....
And I think it's no disgrace
To occupy my place.
If I am not so large as you,
And not half so spry.
If I'll not deny you make
A very pretty squirrel track;
Talents differ ;all is well and wisely put;
If I can not carry forest on my bag,
Neither can you crack a nut "

- HARSHITA PRAJAPATI X 'A'

RANI LAXMI BAI

Rani laxmi bai was the queen of jhansi, india [1834-1858]. She was the bravest soldier of the first war of indian independence against the british rule during the period of lord dalhousion who introduced a system named "doctrine of lapse. in 1857 the sepoy regiment stationed at jhansi till 1858 finally the british army surrounded her though she tried to retreat with joined forces of taty a tope but she was fatally wounded and died on the battlefield in 1858. even her enemies praised her indomitable spirit as a fighter to save the country. Her brave deeds inspired future generations to fight against the british rajs

Nidhi Mandliya
Class 10th

Indian economy and the participation of youth in economy

It is essential for any country who wanted development to ensure the empowerment of its youth, because we know youth is the most important category of any country. Youth is the the future power of country. India is a developing country and it insure to empower its economy the empowerment of economy is based on employment. The Economists of the world classify some categories of working classes, among them ,the youth has the most intelligence ,health and potential for work but the problem is of unemployment. As we think that for insurance the growing of economy of India it is most important to train youth, to give them employment because they can use their full potential. Before independence we thinks of a better living which can ensure the development of people and the nation but before independence the problem of unemployment is solved by the common people as the most people in India are the farmers so they can solve their problem with the help of agriculture .they works in fields also those who are not farmers did other agriculture related works like animal husbandry and those who did not do this both works they used to work on there ancestors like gold something and other works. In this time the problem of unemployment is being solved by this old method we need to improve the basic concept of the Indian economy and we should move to the the old method of ensuring the empowerment of economy what is the old method? the old method is of the work of agriculture.Mainly India is agricultural country based on highly agriculture products we know, everyone wants food and other products produced by agriculture.

P.T.O. .....

So, to ensure the improvement and the participation of youth in economy we does not want any kind of hard work. We must have to return on the work of agriculture which can be insure the participation of youth in economy. India is a growing economy and if we should move to agriculture with the full potential of youth the agriculture grows more effectively as we think. By this work we can ensure more producing of agricultural products. After heaving a large number of this products we can become one of the largest producers in the world. Also this can resolve the problem of unemployment and the youth mind can also make revolutionary changes and experiments in the field of agriculture so I think we should move to this and let's make a better India.

Article by-Ishan kaushik

Class-10th "b

The Havoc of Corona

The havoc means comes true,
with the deal of covid.
Comes in a Higher mean,
When April Rises Up.
The Lockdown term comes true,
One...two...three,rises so long.
The mask Comes on Mouths,
And we trapped in house.
It become serious from May,
Thousands of cases Positively charged a day.
Lockdown comes to end in July,
But cases not yet.
What will happens?...No one knows,
The vaccine comes not now.
But remember, Ones from the darkness,
The sun will rises up.

-Raviraj Jain
9th 'B'[2020-21]

FACT FILE

The human brain is more active at night than during the day.
the nail of the middle finger grows faster than the other finger.
Facial here grows faster than any other hair on the body.
The acid in your stomach is strong enough to dissolve zinc. It doesn't destroy the stomach because his stomach was constantly renew themselves.
Women's heart beats faster than men's.
Men burn fat faster than women by a rate of about 50 calories a day.
300 million of your body cells die every minute.
300 hundred billion of new cells are created every day.
You need to use 200 muscles to take a single step.
Water can freeze and while at the same time.

JANVI JAGARWAAL

9 B

The world has changed due to COVID-19 pandemic. Global spread of COVID-19 has overwhelmed all health systems and has incurred widespread social and economic disruption. The authorities are struggling to ramp up the healthcare systems to overcome it. Anaesthesiologists are facing long duty hours, have fear of bringing disease home to their families, being companion to critically ill patients on long term life support, being on front line of this pandemic crisis, may take toll on all aspects of health of corona warriors- physical, mental, social as well as the emotional.At this juncture, we must pause and ask this question to ourselves, "Buried under stress, are we okay?"

By - Akshay Verma
12 th Commerce

CORONA WARRIOR

The world has changed due to COVID-19 pandemic. Global spread of COVID-19 has overwhelmed all health systems and has incurred widespread social and economic disruption. The authorities are struggling to ramp up the healthcare systems to overcome it. Anaesthesiologists are facing long duty hours, have fear of bringing disease home to their families, being companion to critically ill patients on long term life support, being on front line of this pandemic crisis, may take toll on all aspects of health of corona warriors- physical, mental, social as well as the emotional.At this juncture, we must pause and ask this question to ourselves, "Buried under stress, are we okay?"

Peace

A dark hand touching a light hand,
A young face looking into an old,
All people working together,
For a goal to be told.

I stranger and stranger together,
A foe and a foe are now friends,
All people helping each other,
Making beginnings meet ends.

A heart understanding another,
A soul reaching out to a soul,
All people feeding their elders,
With plate, fork, spoon and bowl.

A rich man helping a poor man ,
A convict dancing with a child,
all people put aside their differences,
And share a hope that is wild.

A shout comes out from the open,
Like a foot step falling on sand,
All people together proclaim,
"Now there is peace in this land!"

~by Akshita Bairathi
XII Science

Best Friend

Friendship is one of the greatest blessings that not everyone is lucky enough to have. We meet a lot of people in the journey of life but there are only a few who leave a mark on us. My best friend is one such person who has been able to make a positive impact on my life. We have been a part of each other's lives for the longest time and our friendship is still developing. Most importantly, I feel extremely fortunate to have someone as a best friend in my life. In this essay on my best friend, I will tell you about how we became friends and about her best qualities.

ANU JAT CLASS 12TH

Our Friendship

Our friendship started when my best friend came in as a new admission to our class. Both of us were hesitant to talk to each other at first, but gradually we developed a bond. I remember the first time my best friend tried to talk to me; I rolled my eyes because I thought there was no use and we wouldn't hit it off. However, to my surprise, we became best friends by the end of the session year.

